Postal Reg. No.GDP -45/2020-2022

بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ نَحْمَدُهٗ وَنُصَلِّيْ عَلٰى رَسُوْلِهِ الْكَرِيْمِ وَعَلٰى عَبْدِهِ الْمَسِيْحِ الْمَوْعُوْدِ

وَلَقَدْ نَصَرَكُمُ اللّٰهُ بِبَدْرٍ وَّاَنْتُمْ اَذِلَّةٌ

वर्ष- 6
अंक- 6

मूल्य
500 रुपए
वार्षिक

साप्ताहिक क़ादियान

बदर

Weekly
BADAR Qadian
HINDI

संपादक
शेख़ मुजाहिद अहमद

उप संपादक
सय्यद मुहियुद्दीन फ़रीद

28 जमादी सानी 1442 हिज्री कमरी 11 तब्लीग़ 1400 हिज्री शम्सी 11 फरवरी 2021 ई.

अल्लाह तआला का आदेश

مَا يَفْعَلُ اللّٰهُ بِعَذَابِكُمْ اِنْ شَكَرْتُمْ وَاٰمَنْتُمْ وَكَانَ اللّٰهُ شَاكِرًا عَلِيْمًا

(सूरत अन्निसा आयत :148)

अनुवाद: यदि तुम शुक्र करो और ईमान लाओ तो अल्लाह तुम्हें अज़ाब देकर क्या करेगा और अल्लाह शुक्र का बहुत हक़ अदा करने वाला (और) सदैव ज्ञान रखने वाला है।

अख़बार-ए-अहमदिया

रूहानी ख़लीफ़ा इमाम जमाअत अहमदिया हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद साहिब ख़लीफ़तुल मसीह ख़ामिस अय्यदहुल्लाह तआला बिनस्रिहिल अज़ीज सकुशल हैं। अलहम्दो लिल्लाह। अल्लाह तआला हुज़ूर को सेहत तथा सलामती से रखे तथा प्रत्येक क्षण आप पर अपना फ़ज़ल नाज़िल करता रहे। आमीन

आंहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की नसीहतें

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम सजदे वाली आयत पर सजदा करते और सहाबा भी आपके साथ सिज्दा करते।

(1075) हज़रत इब्ने उम्र रज़ियल्लाहु अन्हु से रिवायत है कि नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हम को वह सूरत पढ़ कर सुनाते जिस में सिज्दा होता। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम भी सिज्दा करते और हम भी सिज्दा करते। यहां तक कि हम में से किसी को अपनी पेशानी रखने की जगह न मिलती।

(1073) हज़रत ज़ैद बिन साबित रज़ियल्लाहु अन्हु से रिवायत है, उन्होंने कहा मैं ने नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सामने सूरत नज्म पढ़ी। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने इस में सिज्दा नहीं किया।

(1077) हज़रत उम्र रज़ियल्लाहु अन्हु ने जुम्आ के दिन मिंबर पर खड़े हो कर सूरत नहल पढ़ी। जब सिज्दे की आयात पर पहुंचे तो उतरे और उन्होंने सिज्दा किया और लोगों ने भी सिज्दा किया। जब दूसरा जुम्आ हुआ तो हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने वही सूरत पढ़ी। जब सिज्दा की आयात पर पहुंचे तो उन्होंने कहा: हे लोगो! हम सिज्दा की आयात से गुज़रते हैं, अत: जिसने सिज्दा किया उसने अच्छा किया और जिसने सिज्दा नहीं किया उस पर कोई गुनाह नहीं और हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु ने सिज्दा नहीं किया और नाफ़े ने हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु से रिवायत करते हुए इतना ज़्यादा बताया कि अल्लाह तआला ने सिज्दा तिलावत फ़र्ज़ नहीं किया। हाँ यदि हम चाहें (तो सिज्दा कर लें।)

(सही बुख़ारी, भाग 2 किताब सुजूद उल-क़ुरआन, प्रकाशित क़ादियान 2006)

अल्लाह तआला ने चार प्रकार के निशान मुझे दिए हैं जिन को मैंने बड़े दावा के साथ कई बार लिखा और प्रकाशित किया है।

उपदेश सय्यदना हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम

23 अगस्त 1898 ई की शाम

हज़ूर ने पूछा कि नवीन फ़लसफ़ा धर्म से विमुखता क्यों पैदा करता है?

"यह मौजूदा फ़लसफ़ा प्राय तबीयतों में धर्म से विमुखता क्यों पैदा कर देता है।

मास्टर ग़ुलाम मुहम्मद साहिब स्यालकोटी ने कहा कि"वास्तव में जो तबीयतें पहले ही से विमुखता की तरफ़ झुकी होती हैं,वही इससे प्रभाव में आती हैं वर्ना अक्सर बड़े बड़े फिलासफर मिज़ाज पादरी अपने मज़हब में पक्के होते हैं।"

हज़रत अक़दस ने फ़रमाया कि:"इन बातों पर ग़ौर करने के बाद अफ़सोस के साथ ज़हन दूसरी तरफ़ स्थानान्तरित हो जाता है कि एक तरफ़ तो ये पादरी लोग कॉलजों और स्कूलों में फ़लसफ़ा और तर्क शास्त्र पढ़ाते हैं दूसरी तरफ़ मसीह को इब्नुल्लाह और अल्लाह मानते हैं और तस्लीस इत्यादि आस्थाओं के मानने वाले हैं,जो समझ ही में नहीं आता कि कैसे इसको फ़लसफ़ा से समानता करते हैं। अंग्रेज़ी तर्क शास्त्र का आधार तो मंतिक़ इस्तकराई ही पर है। फिर यह कौन सा इस्तिक़रा है कि यसू अल्लाह का पुत्र है। कौन सी शक्ल पैदा करते होंगे। यही होगा कि जैसे इस प्रकार की विशेषताएं जिन लोगों के अंदर हों वे ख़ुदा के बेटे होते हैं। और मसीह में ये विशेषताएं थीं। अत: वह भी ख़ुदा अथवा ख़ुदा का बेटा था। इससे तो अधिकता अनिवार्य हो जाती है जो बहुत असम्भव है। मैं तो जब इस पर ग़ौर करता हूँ, आश्चर्य बढ़ता ही जाता है। नहीं मालूम ये लोग क्यों सोचते?

इस्लाम के पवित्र नियम ऐसे नहीं हैं कि फ़लसफ़ा या इस्तिक़रा की कसौटी पर भी सम्पूर्ण स्तर वाले प्रमाणित न हों। बल्कि मैंने कई बार ग़ौर किया है कि क़ुरआन करीम के बारे में जो आया है فِيْ كِتٰبٍ مَّكْنُوْنٍ (अल-वाकिअ: 79) यह किताब मकनून (छुपी हुई किताब) ज़मीन और आसमान की छुपी हुई किताब है, जिसके पढ़ने पर हर व्यक्ति क़ादिर नहीं हो सकता और क़ुरआन करीम इसी किताब का आइना है और क़ुरआन ने वही ख़ुदा दिखाया है,जिस पर आसमान और ज़मीन गवाही देते हैं। परन्तु यह उन्नीस सौ वर्ष का तराशा हुआ नकली मुर्दा ख़ुदा किस प्रमाण और गवाही पर ख़ुदा बनाया गया है। अत: यह इस्लाम ही की ख़ूबी और हमारे नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम का ही गर्व है कि वह ऐसा धर्म लेकर आए जो हमेशा से है और जिसकी शिक्षा ज़मीन और आसमान के पृष्ठों में भी स्पष्ट रूप से मौजूद है।"

(मल्फ़ूज़ात भाग 1 पृष्ठ 252 से 259 प्रकाशन 2008 क़ादियान)

केवल कर्म कुछ चीज़ नहीं जब तक उसके साथ दिल का सुधार न हो, अमल के साथ दिल की पवित्रता भी ज़रूरी है।

सय्यदना हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु اِنَّ الَّذِيْنَ اٰمَنُوْا وَعَمِلُوا الصّٰلِحٰتِ يَهْدِيْهِمْ رَبُّهُمْ بِاِيْمَانِهِمْ सूरत यूनुस आयत नम्बर 10 की तफ़सीर में फ़रमाते हैं :

इस आयत में अल्लाह तआला ने बताया है कि असल हिदायत ईमान के कारण मिलती है। केवल अमल कुछ चीज़ नहीं जब तक इसके साथ दिल की इस्लाह न हो। एक व्यक्ति चोरी का पूरा इरादा रखता हो परन्तु उसे चोरी का अवसर नहीं मिले तो वह दियानतदार नहीं कहला सकता। इसी तरह दिल तो अल्लाह के अतिरिक्त वस्तुओं से भयभीत हो परन्तु ज़ाहिर में उसे सिज्दा न करे तो वह व्यक्ति एकेश्वरवादी नहीं कहला सकता। कुछ नादान यह समझते हैं कि इस्लाम अमल पर-ज़ोर नहीं देता बल्कि केवल ईमान को पेश करता है हालाँकि यह बात सत्य नहीं। इस्लाम जिस बात पर-ज़ोर देता है वह यह है कि अमल के साथ दिल की पवित्रता भी आवश्यक है। यदि दिल पवित्र नहीं और अमल का साथ नहीं देता तो ऐसा ईमान कुछ लाभ नहीं दे सकता। और कौन बुद्धिमान इस बात का इन्कार

शेष पृष्ठ 20 पर

जमील अहमद नासिर प्रिंटर एवं पब्लिशर ने फ़ज़्ल-ए-उमर प्रिंटिंग प्रेस क़ादियान में छपवा कर दफ़्तर अख़बार बदर से प्रकाशित किया। प्रौपराइटर - निगरान बदर बोर्ड क़ादियान

हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने हज़रत ज़ुबेर रज़ियल्लाहु अन्हु से फ़रमाया कि आपने मुझ से लड़ने के लिए तो लश्कर तैयार किया है परन्तु क्या ख़ुदा के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए कोई कारण भी तैयार किया है?

आप लोग क्यों अपने हाथों से उस इस्लाम को तबाह करने पर तत्पर हुए हैं जिसकी सेवा कठोर परिश्रम से की थी।

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के महान ख़लीफ़-ए-राशिद और दामाद अबू तुराब, हज़रत अली अलमुर्तज़ा रज़ी अल्लाह तआला अन्हु के प्रशंसनीय गुणों का वर्णन

जंगे जमल, जंगे सिफ्फीन और जंगे नहरवान में पेश आने वाले हालात और घटनाओं का वर्णन।

तर्बीयत के लिए बहुत आवश्यक है कि उस के अतिरिक्त कि ख़ुद भी हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की कुतुब का अध्यन करें, ऐम. टी. ए. के साथ भी सम्पर्क रखें और

विशेषता जुमे के ख़ुतबात ज़रूर एम. टी. ए. के माध्यम से सुना करें ताकि ख़िलाफ़त से सम्पर्क क़ायम रहे और बेहतर होता रहे और बढ़ता रहे

पाकिस्तान में रहने वाले अहमदी विशेषता नवाफ़िल और दुआओं पर ज़ोर दें, इन दुआओं में رَبِّ كُلُّ شَيْءٍ خَادِمُكَ رَبِّ فَاحْفَظْنِي وَانْصُرْنِي وَارْحَمْنِي اَللّٰهُمَّ إِنَّا نَجْعَلُكَ فِي نُحُورِهِمْ وَنَعُوذُ بِكَ مِنْ شُرُورِهِمْ बहुत पढ़ें, इस्तिग़फ़ार और दुरूद की ओर भी ध्यान दें, नवाफ़िल भी अदा करें

अल्लाह तआला उनको तौफ़ीक़ भी दे और जल्द वहां के हालात भी सही फ़रमाए, आमीन

पाँच मरहूमीन श्रीमती हुमदा अब्बास साहिबा पत्नी श्रीमान अब्बास बिन अब्दुल क़ादिर साहब ख़ैरपूर सिंध, श्रीमान रिज़वान सय्यद नईमी साहब इराक़, श्रीमान मलिक अली मुहम्मद साहिब आफ़ हजके ज़िला सरगोधा, श्रीमान एहसान अहमद साहिब लाहौर और श्रीमान रियाज़ उद्दीन शमस साहब का वर्णन और नमाज़े जनाज़ा ग़ायब।

अल-जज़ाइर की दो अदालतों में झूठे आरोप में ग्रस्त बहुत सारे अहमदियों की रिहाई

पाकिस्तान में रहने वाले अहमदियों को नवाफ़िल पढ़ने और दुआएं करने की तहरीक

ख़ुत्ब: जुमअ: सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 25 दिसम्बर 2020 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهُ لَا شَرِيكَ لَهُ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهُ وَرَسُولُهُ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيمِ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعٰلَمِينَ۔ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيمِ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّينِ۔ إِيَّاكَ نَعْبُدُ وَإِيَّاكَ نَسْتَعِينُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيمَ۔ صِرَاطَ الَّذِينَ أَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّالِّينَ

पिछले ख़ुत्बे में हज़रत उस्मान रज़ि अल्लाहु तआला अन्हु की शहादत और बाग़ीयों का वर्णन हुआ था और इस बारे में हज़रत अली रज़ि अल्लाहु तआला अन्हु की क्या कोशिशें थीं या अब जो आगे हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की घटनाएँ आएँगे, इस बारे में एक बहुत अहम बात की ओर ध्यान दिलाते हुए हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ि अल्लाहु तआला अन्हु फ़रमाते हैं कि

"चूँकि तुम लोग भी सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हु के समान हो इसलिए मैं चाहता हूँ कि तारीख़ से बयान करूँ कि किस तरह मुस्लमान तबाह हुए और कौन से कारण उनकी हलाक़त का कारण बने। अत: तुम होशियार हो जाओ और जो लोग तुम में नए आएं उनके लिए शिक्षा की व्यवस्था करो।'' अर्थात तर्बीयत सही होनी चाहिए। उनकी धार्मिक शिक्षा होनी चाहिए। "हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के वक़्त जो फ़ित्ना उठा था वह सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हु से नहीं उठा था। जो लोग यह कहते हैं कि सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हु ने उठाया था उनको धोखा लगा है। इस में संदेह नहीं कि हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु के मुक़ाबले में बहुत से सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हु थे और मुआविया के मुक़ाबला में भी लेकिन मैं कहता हूँ कि इस फ़ित्ना के संस्थापक सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हु नहीं थे बल्कि वही लोग थे जो बाद में आए और जिन्हें आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की सोहबत प्राप्त नहीं हुई और आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के पास नहीं बैठे। अत: मैं आप लोगों का इस ओर ध्यान करता हूँ और फ़ित्ना से बचने के यह तरीक़ बताता हूँ कि कसरत से "इस वक़्त आप रज़ियल्लाहु अन्हु क़ादियान में थे कि कसरत से क़ादियान आओ और बार-बार आओ ताकि तुम्हारे ईमान ताज़ा रहें और तुम्हारा अल्लाह से प्रेम बढ़ता रहे।

(अनवारे ख़िलाफ़त, अन्वारुल उलूम ,भाग 3 पृष्ठ 171)

अर्थात तुम्हारा मर्कज़ से सम्पर्क भी रहे और ख़िलाफ़त से सम्पर्क भी रहे। यह रहेगा तो सही तर्बीयत भी रहेगी। आज कल अल्लाह तआला ने हमें एम. टी. ए. प्रदान किया है। ख़ुत्बे सारी दुनिया में सुने जाते हैं, दिखाए जाते हैं, सुनाए जाते हैं। और प्रोग्राम दिखाए जाते हैं और सुनाए जाते हैं। इसलिए तर्बीयत के लिए बहुत आवश्यक है कि इस के अतिरिक्त कि स्वयं भी हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की पुस्तकों का अध्ययन करें। एम.टी.ए. के साथ भी सम्पर्क रखो और विशेषता जुमे के ख़ुतबात ज़रूर एम.टी.ए. के माध्यम से सुना करो ताकि ख़िलाफ़त से सम्पर्क क़ायम रहे और बेहतर होता रहे और बढ़ता रहे।

जंगे जमल की घटना के बारे में रिवायत में आता है कि जंगे जमल हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा के मध्य 36 हिज्री में हुई थी। हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा के साथ हज़रत तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हु भी थे। हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा मैदाने जंग में एक ऊंट पर सवार थीं इसी कारण से इस जंग का नाम जंगे जमल प्रसिद्ध है। हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा हज के कर्तव्य की अदायगी के लिए मक्का गई हुई थीं। वह वहीं रहती थीं कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की शहादत की ख़बर मिली। जब उमरा की अदायगी के बाद मदीना की ओर रवाना हुईं तो रास्ते में एक स्थान पर यात्रा में उबैद बिन अबू सलमा ने सूचना दी कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु को शहीद कर दिया गया है और हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ख़लीफ़ा चुने गए हैं और मदीना मुनव्वरा में हंगामा बरपा है। इसलिए हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा रास्ते ही से मक्का वापस हो गईं और लोगों को हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु का बदला लेने और फ़ित्ने के अंत के लिए इकट्ठा किया। हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा हज़रत तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत ज़ुबैर बिन अवाम रज़ियल्लाहु अन्हु की सरकर्दगी में बहुत से लोग जमा हो गए और यह क़ाफ़िला वहां से बस्रा की ओर रवाना हुआ। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने भी ये देखकर बस्रा का रुख किया कि यह क़ाफ़िला उधर जा रहा है। बस्रा पहुंच कर हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा ने शहर वालो को अपने साथ शामिल होने की दा'वत दी। शहर वालो की एक बड़ी संख्या हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा के साथ शामिल हो गई लेकिन एक जमाअत ने हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु के निर्धारित किए बस्रा के आमिल उस्मान बिन हनीफ़ के हाथ पर बैअत कर ली। इस दौरान दोनों जमाअतों में झड़पें भी हुईं। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा के लश्कर के क़रीब पड़ाव किया। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु का यह लश्कर भी पहुंच गया और उन्होंने क़रीब पड़ाव किया। दोनों ओर से मेल मिलाप किया गया, कोशिश की गई और बात चीत सफल भी हो गई परन्तु ठीक रात के वक़्त वह गिरोह जो हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के क़तल में शरीक था और उस का एक हिस्सा हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु के लश्कर में भी शामिल था। उसने हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा के लश्कर पर हमला कर दिया जिस से जंग का आग़ाज़ हो गया। हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा ऊंट पर सवार थीं। जांनिसार एक के बाद एक ऊंट की लगाम पकड़ते और शहीद होते जाते थे। हज़रत अली

रज़ियल्लाहु अन्हु ने यह समझ लिया कि हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा जब तक ऊंट पर सवार रहेंगी जंग ख़त्म नहीं होगी। इसलिए आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने योद्धाओं को हुक्म दिया कि इस ऊंट को किसी ना किसी तरह मार गिराओ क्योंकि जंग का अंत इस के गिरने परआधारित है। इस पर एक व्यक्ति ने आगे बढ़कर ऊंट के पांव में तलवार मारी और वो बुलबुला कर बैठ गया। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की फ़ौज ने ऊंट को चारों ओर से घेर लिया। हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा का ऊंट गिर जाने पर अहले जमल बिघर गए। इसके बाद हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने ऐलान करा दिया कि हथियार डालने या घर का दरवाज़ा बंद करने वाला अमन में है। किसी का पीछा न किया जाए। किसी के माल को माले ग़नीमत समझ कर उस पर कब्ज़ा न किया जाए। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की फ़ौज ने इस हुक्म की तामील की। हज़रत ज़ुबैर बिन अवाम रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हु इसी जंग में शहीद हुए।

(उद्धरित अलकामिल फ़ील तारीख़ लेखक इब्ने असीर, भाग 3 पृष्ठ 99 से 149 दारुल क़ुतुब अल्इल्मिया बेरूत लबनान 2003 ई)

इस का एक हिस्सा इब्ने असीर की तारीख़ में से ख़ुलासा लिया गया है।

हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह सानी रज़ि अल्लाहु तआला अन्हु इस बारे में फ़रमाते हैं कि ''इन्ही लोगों की एक जमाअत ने जो हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के क़तल में शरीक थे हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा को इस बात पर तैयार कर लिया कि आप हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के ख़ून का बदला लेने के लिए जिहाद का ऐलान कर दें। इसलिए उन्होंने इस बात का ऐलान किया और सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हु को अपनी मदद के लिए बुलाया। हज़रत तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हु भी उनके साथ शामिल हो गए और इस के परिणाम में हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा, हज़रत तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हु के लश्कर में जंग हुई।" अर्थात हज़रत तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हु तो हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा के लश्कर में थे। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु का और हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा का जो विशेष (main) लश्कर था उनकी जंग हुई ।''

जिसे जंगे जमल कहा जाता है। इस जंग के शुरू में ही हज़रत ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हु, हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की ज़बान से रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की एक पेशगोई सुनकर अलैहदा हो गए और उन्होंने क़सम खाई कि वे हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु से जंग नहीं करेंगे और इस बात का इक़रार किया कि अपने समझने में उन्होंने ग़लती की। दूसरी ओर हज़रत तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हु ने भी अपनी वफ़ात से पहले हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की बैअत का इक़रार कर लिया।" पहले भी पिछले ख़ुत्बे में इस का वर्णन हो चुका है।'' क्योंकि रवायतों में आता है कि वह ज़ख़्मों की शिद्दत से तड़प रहे थे कि एक व्यक्ति उनके पास से गुज़रा। उन्होंने पूछा तुम किस गिरोह में से हो? उसने कहा हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु के गिरोह में से। इस पर उन्होंने अपना हाथ उस के हाथ में देकर कहा कि तेरा हाथ अली रज़ियल्लाहु अन्हु का हाथ है और मैं तेरे हाथ पर हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की दुबारा बैअत करता हूँ। उद्देश्य अन्य सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हु के मतभेद का तो जंगे जमल के समय ही फ़ैसला हो गया परन्तु हज़रत मुआविया का मतभेद बाक़ी रहा यहां तक कि जंगे सिफ्फिन हुई।"

(ख़िलाफ़ते राशिदा, अन्वारुल उलूम ,भाग 15 पृष्ठ 485-486)

हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह सानी रज़ियल्लाहु अन्हु और फ़रमाते हैं कि "हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के क़ातिलों के गिरोह विभिन्न इलाकों में फैल गए थे और अपने आप को आरोप से बचाने के लिए दूसरों पर आरोप लगाते थे। जब उनको मालूम हुआ कि हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने मुस्लमानों से बैअत ले ली है तो उनको आप पर आरोप लगाने का अच्छा अवसर मिल गया और यह बात सही भी थी कि आप के इर्द-गिर्द हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के क़ातिलों में से कुछ लोग जमा हो गए थे इसलिए उनको आरोप लगाने का अच्छा अवसर हासिल था। इसलिए उनमें से जो जमाअत मक्का की ओर गई थी उसने हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा को इस बात पर आमादा कर लिया कि वह हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के ख़ून का बदला लेने के लिए जिहाद का ऐलान करें। इसलिए उन्होंने इस बात का ऐलान किया और सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हु को अपनी मदद के लिए बुलाया। हज़रत तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हु और ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हु ने हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की बैअत इस शर्त पर कर ली थी कि वह हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के क़ातिलों से जल्द से जल्द बदला लेंगे। उन्होंने जल्दी के जो अर्थ समझे थे वह हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु के निकट ख़िलाफे मस्लहत थे। उनका था हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु का ख़्याल था कि पहले समस्त सूबों का इंतिज़ाम हो जाए फिर क़ातिलों को सज़ा देने की ओर ध्यान किया जाए क्योंकि अव्वल मुक़द्दम इस्लाम की हिफ़ाज़त है। क़ातिलों के मुआमला में देर होने में कोई हर्ज नहीं। इसी तरह क़ातिलों के ताय्युन में भी मतभेद था। जो लोग निहायत अफ़्सुर्दा शक्लें बना कर सबसे पहले हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु के पास पहुंच गए थे और इस्लाम में झगड़ा हो जाने का अंदेशा ज़ाहिर करते थे उनकी निसबत हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु को उन पर संदेह नहीं था कि ये लोग फ़साद के बानी हैं, दूसरे लोग उन पर संदेह करते थे' हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु को उन पर संदेह नहीं था लेकिन बाक़ी कुछ लोगों को संदेह था। इस मतभेद के कारण से तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हु और ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हु ने यह समझा कि हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु अपने वादे को तोड़ते हैं। चूँकि उन्होंने एक शर्त पर बैअत की थी और वह शर्त उनके ख़्याल में हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने पूरी नहीं की थी इसलिए वह शरीयत के अनुसार अपने आपको बैअत से आज़ाद ख़्याल करते थे। जब हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा का ऐलान उनको पहुंचा तो वह भी उनके साथ जा मिले और सब मिलकर बस्रा की ओर चले गए। बस्रा में गवर्नर ने लोगों को आपके साथ मिल ने से रोके रखा लेकिन जब लोगों को मालूम हुआ कि तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हु और ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हु ने केवल मजबूरी में और एक शर्त निर्धारित करके हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की बैअत की है तो अक्सर लोग आपके साथ शामिल हो गए। जब हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु को इस लश्कर का पता चला तो आपने भी एक लश्कर तैयार किया और बस्रा की ओर रवाना हुए। बस्रा पहुंच कर आपने एक आदमी को हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा और तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हु और ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हु की ओर भेजा। वह आदमी पहले हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा की सेवा में हाज़िर हुआ और पूछा कि आपका इरादा क्या है। उन्होंने उत्तर दिया कि हमारा इरादा केवल सुधार है। इस के बाद उस व्यक्ति ने तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हु और ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हु को भी बुलवाया और उनसे पूछा कि आप भी इसी लिए जंग के लिए तैयार हुए हैं उन्होंने कहा हाँ।'' अर्थात कि इस्लाह की कारण से।'' उस व्यक्ति ने उत्तर दिया कि यदि आपका उद्देश्य इस्लाह है तो इस का यह तरीक़ नहीं जो आपने चुना है इस का परिणाम तो फ़साद है। इस वक़्त मुल्क की ऐसी हालत है कि यदि एक व्यक्ति को आप क़तल करेंगे तो हज़ार उस की समर्थन में खड़े हो जाएंगे और उनका मुक़ाबला करेंगे तो और भी ज़्यादा लोग उनकी मदद के लिए खड़े हो जाऐंगे।''अत: यह तो सिल्सिला चलता जाएगा।'' अत: इस्लाह यह है कि पहले मुल्क को एकता की रस्सी में बाँधा जाए फिर उपद्रवियों को सज़ा दी जाए अन्यथा इस बदअमनी में किसी को सज़ा देना मुल्क में और फ़ित्ना डलवाना है। हुकूमत पहले क़ायम हो जाए तो वह सज़ा देगी।" पहले हुकूमत क़ायम हो जाए फिर वो सज़ा देगी।'' यह बात सुनकर उन्होंने कहा कि यदि हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु का यही इच्छा है तो वह आ जाएं, हम उनके साथ मिलने को तैयार हैं। इस पर इस व्यक्ति ने हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु को सुचना दी और तरफ़ैन के प्रतिनिधि एक दूसरे को मिले और फ़ैसला हो गया कि जंग करना सही नहीं, सुलह होनी चाहिए। जब यह ख़बर सबाइयों को (अर्थात जो अब्दुल्लाह बिन सबाह की जमाअत के लोग और कातेलीन हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु थे) पहुंची तो उनको सख़्त घबराहट हुई और ख़ुफ़िया ख़ुफ़िया उनकी एक जमाअत मश्वरा के लिए इकट्ठी हुई। उन्होंने मश्वरा के बाद फ़ैसला किया कि मुसलमानों में सुलह हो जानी हमारे लिए अत्यधिक हानिकारक होगी क्योंकि उसी वक़्त तक हम हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के क़तल की सज़ा से बच सकते हैं जब तक कि मुस्लमान आपस में लड़ते रहेंगे। यदि सुलह हो गई और अमन हो गया तो हमारा ठिकाना कहीं नहीं।" कहीं भी हमारा ठिकाना नहीं होगा।'' इसलिए जिस प्रकार हो सुलह न होने

हदीस नबवी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम

खड़े होकर नमाज़ पढ़ो और अगर खड़े होकर संभव न होतो बैठ कर और अगर बैठ कर भी संभव न हो तो पहलु के बल लेट कर ही सही।

तालिबे दुआ

Sohail Ahmad Nasir and Family

Jamaat Ahmadiyya Adra,Dist: Puruliya. West Bengal

दो। इतने में हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु भी पहुंच गए और आप रज़ियल्लाहु अन्हु के पहुंचने के दूसरे दिन आपकी "अर्थात इस इलाक़े में और आपकी" और हज़रत ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हु की मुलाक़ात हुई। मुलाक़ात के समय हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया कि आपने मेरे लड़ने के लिए तो लश्कर तैयार किया है परन्तु क्या ख़ुदा के हुज़ूर पेश करने के लिए कोई कारण भी तैयार किया है? आप लोग क्यों अपने हाथों से इस इस्लाम के तबाह करने पर तुले हुए हैं जिसकी सेवा सख़्त जान निछावर करके की थी। क्या मैं आप लोगों का भाई नहीं? फिर क्या कारण है कि पहले तो एक दूसरे का ख़ून हराम समझा जाता था लेकिन अब हलाल हो गया। यदि कोई नई बात पैदा हुई होती तो भी बात थी। जब कोई नई बात पैदा ही नहीं हुई तो फिर यह मुक़ाबला क्यों है? इस पर हज़रत तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हु ने कहा, वह भी हज़रत ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हु के साथ थे कि आपने हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के क़तल पर लोगों को उकसाया है। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया कि मैं हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के क़तल में शरीक होने वालों पर लानत करता हूँ। फिर हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने हज़रत ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हु से कहा कि क्या तुम को याद नहीं कि रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया था कि ख़ुदा की क़सम! तू अली रज़ियल्लाहु अन्हु से जंग करेगा और तू ज़ालिम होगा अर्थात हज़रत ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हु को फ़रमाया था।"यह सुनकर हज़रत ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हु अपने लश्कर की ओर वापस लौटे और क़सम खाई कि वह हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु से कदापि जंग नहीं करेंगे और इक़रार किया कि उन्होंने इज्तिहाद में ग़लती की। जब यह ख़बर लश्कर में फैली तो सबको सन्तोष हो गया कि अब जंग नहीं होगी बल्कि सुलह हो जाएगी लेकिन मुफसिदों को सख़्त घबराहट होने लगी" जिन्हों ने फ़साद पैदा करना था क़ुदरती बात है उन्हें घबराहट होनी थी। उनको घबराहट होने लगी "और जब रात हुई तो उन्होंने सुलह को रोकने के लिए यह उपाय किया कि उनमें से जो हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु के साथ थे उन्होंने हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा और हज़रत तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हु और ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हु के लश्कर पर रात के वक़्त शब-ख़ून मार दिया और जो उनके लश्कर में थे।"उन्होंने जो दूसरे लश्कर में थे'' उन्होंने हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु के लश्कर पर रात को हमला कर दिया।" दोनों ओर जो मुनाफ़िक़ थे, बट कर शामिल हुए थे, हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा की ओर भी और हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की ओर भी। दोनों ने एक दूसरे पर हमला कर दिया। ख़ुद आपस में नहीं लड़े "जिसका परिणाम यह हुआ कि एक शोर पड़ गया और हर साथी ने ख़्याल किया कि दूसरे साथी ने उस से धोखा किया हालाँकि असल में यह केवल सुबाइयों की एक योजना थी। जब जंग शुरू हो गई तो हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने आवाज़ दी कि कोई व्यक्ति हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा को सुचना दे। शायद उनके माध्यम से अल्लाह तआला इस फ़ित्ना को दूर कर दे। इसलिए हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा का ऊंट आगे किया गया लेकिन परिणाम और भी ख़तरनाक निकला। मुफसिदों ने यह देखकर कि हमारा उपाय फिर उल्टा पड़ने लगा। हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा के ऊंट पर तीर मारने शुरू किए। हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा ने ज़ोर ज़ोर से पुकारना शुरू किया कि लोगो! जंग को तर्क करो और ख़ुदा और हिसाब के दिन को याद करो लेकिन फसाद फैलाने वाले रुके नहीं और बराबर आपके ऊंट पर तीर मारते चले गए। चूँकि बस्रा वाले उस लश्कर के साथ थे जो हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा के इर्द गिर्द जमा हुआ था उनको यह बात देखकर सख़्त गुस्सा आया और उम्मुल मोमिनीन की यह गुस्ताख़ी देखकर उनके ग़ुस्सा की कोई हद न रही और तलवारें खींच कर लश्कर विरोधी पर हमला करने लग गए "विरोधी लश्कर पर हमला-आवर हो गए।'' और अब यह हाल हो गया कि हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा का ऊंट जंग का केंद्र बन गया। सहाबा और बड़े बड़े बहादुर उस के इर्द-गिर्द जमा हो गए और एक के बाद एक क़तल होना शुरू हुआ लेकिन ऊंट की बाग उन्होंने नहीं छोड़ी। हज़रत ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हु तो जंग में शामिल ही नहीं हुए और एक ओर निकल गए परन्तु एक बुरे ने उनके पीछे से जा कर इस हालत में कि वह नमाज़ पढ़ रहे थे उनको शहीद कर दिया। हज़रत तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हु ठीक जंग के मैदान में उन फसाद फैलाने वालों के हाथ से मारे गए। जब जंग तेज़ हो गई तो यह देखकर कि उस वक़्त तक जंग ख़त्म नहीं होगी जब तक हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा को मध्य से हटाया न जाए। कुछ लोगों ने आप के ऊंट के पांव काट दीए और लगाम उतार कर ज़मीन पर रख दी तब कहीं जा कर जंग ख़त्म हुई। इस घटना को देखकर हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु का चेहरा मारे दुख के लाल हो गया लेकिन यह जो कुछ हुआ इस से चारा भी न था। जंग के ख़त्म होने पर जब मारे जाने वालों में हज़रत तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हु की लाश मिली तो हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने सख़्त अफ़सोस किया। इन समस्त घटनाओं से साफ़ ज़ाहिर हो जाता है कि इस लड़ाई में सहाबा रज़ियल्लाहु अन्हु का कदापि कोई दख़ल न था बल्कि यह शरारत भी उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के कातिलों की ही थी और यह कि तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हु और ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हु हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की बैअत ही में फ़ौत हुए क्योंकि उन्होंने अपने इरादा से इंकार कर लिया था और हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु का साथ देने का इक़रार कर लिया था लेकिन कुछ शरीरों के हाथों से मारे गए। इसलिए हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने उनके क़ातिलों पर लानत भी की।"

(अनवारे ख़िलाफ़त,अन्वारुल ऊलूम, भाग 3 पृष्ठ 198 से 201)

जंगे जमल के अंत पर हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा के लिए समस्त सवारी और यात्रा की सामग्री तैयार की और हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा को छोड़ने के लिए स्वयं तशरीफ़ लाए और हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा के साथ जो लोग जाना चाहते थे उनको रवाना किया। जिस दिन हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा ने रवाना होना था हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा के पास तशरीफ़ लाए और आपके लिए खड़े हुए और समस्त लोगों की मौजूदगी में हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा लोगों के सामने निकलीं और कहा कि हे मेरे बेटो हम ने तकलीफ़ पहुंचा कर और ज़्यादती कर के एक दूसरे को नाराज़ कर दिया। भविष्य में हमारे उन मतभेदों के कारण कोई व्यक्ति भी एक दूसरे पर ज़्यादती न करे और ख़ुदा की क़सम मेरे और हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु के मध्य शुरू से कभी कोई मतभेद नहीं था उस के अतिरिक्त जो मर्द और इस के सुसराली रिश्तेदारों के मध्य आम तौर पर बात हुआ करती है। अर्थात छोटी मोटी बातें हैं और हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु मेरी नेकियों की प्राप्ति का माध्यम हैं। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया हे लोगो !हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा ने अच्छी और सच्ची बात कही है। मेरे और हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा के मध्य केवल यही मतभेद था। हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा दुनिया और आख़िरत में तुम्हारे नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की पत्नी हैं। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा को छोड़ने के लिए कई मील साथ तशरीफ़ ले गए और हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने अपने बेटों को हुक्म दिया कि वह हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा के साथ जाएं और एक दिन के बाद वापस आ जाएं।(अलतिबरी, भाग 3 पृष्ठ 60-61 तजहीज़ अली अलैहिस्सलाम आयशा मिन्लब्स्रा दारुल क़ुतुब अल्इल्मिया बेरूत 1987 ई) यह तिबरी का हवाला था जो मैंने अभी पढ़ा है।

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ि अल्लाहु तआला अन्हु फ़रमाते हैं कि

"हज़रत तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हु रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के बाद भी ज़िंदा रहे और जब हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की शहादत के बाद मुस्लमानों में मतभेद पैदा हुआ और एक गिरोह ने कहा कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के मारने वालों से हमें बदला लेना चाहिए तो इस गिरोह के लीडर हज़रत तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हु, हज़रत ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा थीं लेकिन दूसरे गिरोह ने कहा कि मुसलमानों में फूट पड़ चुकी है। आदमी मरा ही करते हैं। सब से पहले हमें समस्त मुसलमानों को इकट्ठा करना चाहिए ताकि इस्लाम की शौकत और इस की महानता स्थापित हो। बाद में हम उन लोगों से बदला ले लेंगे। इस गिरोह के लीडर हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु थे। यह मतभेद इतना बढ़ा कि हज़रत तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हु, हज़रत ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा ने आरोप लगाया कि अली रज़ियल्लाहु अन्हु उन लोगों को पनाह देना चाहते हैं जिन्हों ने हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु को शहीद किया है और हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने आरोप लगाया कि (जो यह कहते हैं कि शीघ्र बदला लिया जाए) उन लोगों को अपनी व्यक्तिगत लाभ अधिक प्यारे हैं। इस्लाम का लाभ उनको दृष्टिगत नहीं है। मानो मतभेद अपनी इंतिहाई अवस्था तक पहुंच गया और फिर आपस में जंग भी शुरू हुई ऐसी जंग जिसमें हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा ने लश्कर की कमान की। आप ऊंट पर चढ़ कर लोगों को लड़वाती थीं और हज़रत तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हु भी इस लड़ाई में शामिल थे। जब दोनों गिरोहों में जंग जारी थी तो एक सहाबी हज़रत तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हु के पास आए और उनसे कहा तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हु ! तुम्हें याद है अमुक अवसर पर मैं और तुम रसूले

करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की मज्लिस में बैठे हुए थे कि रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया। तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हु एक वक़्त ऐसा आएगा कि तुम और लश्कर में होगे और अली रज़ियल्लाहु अन्हु और लश्कर में होगा और अली रज़ियल्लाहु अन्हु हक़ पर होगा और तुम ग़लती पर होगे। हज़रत तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हु ने यह सुना तो उनकी आँखें खुल गईं और उन्होंने हाँ ! मुझे यह बात याद आ गई है और फिर उसी समय लश्कर से निकल कर चले गए। जब वह लड़ाई छोड़कर जा रहे थे ताकि रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की बात पूरी की जाए तो एक बद-बख़्त इन्सान जो हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु के लश्कर का सिपाही था उसने पीछे से जा कर आप को ख़ंजर मार कर शहीद कर दिया। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु अपनी जगह पर बैठे हुए थे वह इस ख़्याल से अर्थात जो हज़रत तल्हा का क़ातिल था इस ख़्याल से कि मुझे बहुत बड़ा इनाम मिलेगा दौड़ता हुआ आया और उसने कहा हे अमीरुल मोमिनीन! आपको आपके दुश्मन के मारे जाने की ख़बर देता हूँ। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने कहा। कौन दुश्मन? उसने कहा। हे अमीरुल मोमिनीन ! मैंने तल्हा (रज़ियल्लाहु अन्हु) को मार दिया है। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया हे व्यक्ति मैं भी तुझे रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ओर से बशारत देता हूँ कि तू जहन्नम में डाला जाएगा क्योंकि रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने एक बार फ़रमाया (जबकि तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हु भी बैठे हुए थे और मैं भी बैठा हुआ था कि हे तल्हा (रज़ियल्लाहु अन्हु) तू एक बार हक़ और इन्साफ़ की ख़ातिर ज़िल्लत बर्दाश्त करेगा और तुझे एक व्यक्ति मार डालेगा परन्तु ख़ुदा उस को नर्क में डालेगा

(आइन्दा वही कौमें इज़्ज़त पाएँगी जो माली-और-जानी....., अन्वारुल उलूम,भाग 21पृष्ठ 149-150)

फिर जंगे सिफ्फियीन हुई थी। इस की घटनाओं में लिखा है कि यह जंग हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत अमीर मुआविया के मध्य 37 हिज्री में हुई थी। सिफ्फियीन शाम और इराक़ के मध्य एक स्थान है। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु कूफ़ा से फ़ौज लेकर चले और जब सिफ्फियीन पहुंचे तो देखा कि शामी लश्कर अमीर मुआविया के नेतृत्व में पहले से पड़ाव डाले हुए था और उनकी एक जमाअत दरिया फ़ुरात के घाट पर क़ाबिज़ थी। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने यक़ीन दिलाया कि हम लड़ने नहीं आए बल्कि अमीर मुआविया से समझोता करने आए हैं जबकि अमीर मुआविया समझोते पर राज़ी नहीं हुए। शामी लश्कर ने हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु के लश्कर को दरिया फ़ुरात से पानी लेने से रोक दिया। इस पर हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने अपनी फ़ौज को हमला करने का हुक्म दिया। इस तरह हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की फ़ौज शामी फ़ौज को पीछे करने और अपने लिए दरिया तक का रास्ता बनाने में सफल हो गई। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने शामियों को फ़ुरात से पानी लेकर जाने की खुली आज्ञा भी दे दी। शामियों ने तो हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु को मना किया था, पानी लेने से रोक दिया था लेकिन आपने जब दरिया पर क़ब्ज़ा कर लिया तो आपने उनको पानी लेने से नहीं रोका बल्कि आज्ञा दी। अमीर मुआविया का इसरार था कि हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के कातिलों को उनके हवाले कर दें। एक बार जब लड़ाई छिड़ जाने का ख़तरा पैदा हुआ तो दोनों ओर के सुलह पसंदों ने रोकथाम करवा दी। जंग का आरम्भ सिफ़र 37 हिज्री में शुरू हुआ। जंग से पूर्व झड़पें होती रहीं लेकिन दोनों समूह आम जंग के भयानक परिणाम से भयभीत होने के कारण बचते रहे। सुलह की हर सम्भावना बाक़ी रखने की उद्देश्य से दोनों समूह इस पर सहमत हो गए कि हुर्मत वाले महीनों में अस्थाई सुलह कर ली जाए लेकिन यह उपाय भी सफल न हुआ। इसलिए सफ़र के आरम्भ में दुबारा जंग का बाक़ायदा ऐलान कर दिया गया। जब लड़ाई कुछ समय तक बग़ैर किसी फ़ैसला के होती रही तो अमीर मुआविया की हिम्मत कमजोर हो गई। इस ख़तरनाक हालत में हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हु ने उन्हें मश्वरा दिया कि क़ुरआन मजीद के नुस्ख़े नेज़ों के सिरों पर बंधवाएं और कहें कि इस किताब के अनुसार फ़ैसला होना चाहिए। इसलिए ऐसा ही किया गया जिसके परिणाम में हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु के अनुयाइयों में मतभेद पैदा हो गया। एक बड़ी संख्या ने यह कह दिया कि अल्लाह से फ़ैसला चाहने की मांग ठुकराई नहीं की जा सकती। इस तरह हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने हर प्रथम लशकर को वापस बुला लिया और लड़ाई रुक गई। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की फ़ौज की अधिकतरता ने अमीर मुआविया का परामर्श मान लिया कि दोनों फ़रीक़ एक एक निर्णय करने वाले को चुने और ये दोनों निर्णय करने वाले मिलकर क़ुरआन-ए-मजीद के इरशाद के अनुसार किसी फ़ैसला पर पहुंच जाएं। इतिहास की पुस्तक में इस घटना को 'तहकीम'कहा जाता है। बहरहाल शामियों ने हज़रत अम्र बिन आसु रज़ियल्लाहु अन्हु का स्वागत किया और हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने हज़रत अबू मूसा अशअरी रज़ियल्लाहु अन्हु को चुना और इक़रारनामे पर हस्ताक्षर के बाद फ़ौजें बिखर गईं। यह असीर की तारीख़ का हवाला है।

(उद्धरित अल्कामिल फिलतारीख़ अज़ इब्ने असीर, भाग 3 पृष्ठ 161 से 201 दारुल क़ुतुब अल्इल्मिया बेरूत लबनान 2003ई)(लुग़ातुलहदीस, भाग 2, पृष्ठ 608 ज़ेर लफ़्ज़ सिफ्फियीन)

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ि अल्लाहु तआला अन्हु ने इस बारे में इस तरह तहरीर फ़रमाया है, बयान फ़रमाया है कि

"इस जंग में हज़रत मुआविया रज़ियल्लाहु अन्हु के साथीयों ने यह होशयारी की कि नेज़ों पर क़ुरआन उठा दिए और कहा कि जो कुछ क़ुरआन फ़ैसला करे वह हमें स्वीकार है और इस उद्देश्य के लिए निर्णय करने वाला निर्धारित होने चाहिऐं। इस पर वही मुफ़सिद जो हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के क़त्ल की साजिश में शामिल थे और जो आपकी शहादत के तुरन्त बाद अपने बचाओ के लिए हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु के साथ शामिल हो गए थे उन्होंने हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु पर यह ज़ोर देना शुरू कर दिया कि यह बिल्कुल सही कहते हैं। आप फ़ैसला के लिए निर्णायक निर्धारित कर दें। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने बहुत इन्कार किया परन्तु उन्होंने और कुछ उन कमज़ोर स्वभाव लोगों ने जो उन के इस धोका में आ गए थे हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु को इस बात पर मजबूर किया कि आप निर्णायक निर्धारित करें। इसलिए मुआविया की ओर से हज़रत अम्र बिन आस और हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की ओर से हज़रत अबू मूसा अशअरी निर्णायक निर्धारित हुए। यह निर्णय वास्तव में क़त्ले उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु की घटना में था और शर्त यह थी कि क़ुरआन करीम के अनुसार फ़ैसला होगा और यह निर्णायक इसलिए निर्धारित किए गए थे कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु का जो क़तल है इस घटना के बारे में फ़ैसला होगा और यह था कि क़ुरआन करीम के अनुसार जो भी क़ातिल हैं उनको सज़ा देने के लिए या उनको पकड़ने के लिए फ़ैसला होगा। "परन्तु अम्र बिन आस और अबू मूसा अशअरी दोनों ने मश्वरा कर के यह फ़ैसला किया कि बेहतर होगा कि पहले हम दोनों अर्थात हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत मुआविया रज़ियल्लाहु अन्हु को उनकी इमारत से हटा दें।" तहकीम तो इसलिए थी, इसलिए निर्णायक निर्धारित किए गए थे कि हज़रत उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु के क़त्ल के बारे में फ़ैसला करें लेकिन यहां दोनों निर्णायक जो निर्धारित किए गए थे उन्होंने यह एक फ़ैसला कर दिया कि दोनों को पहले हटाया जाए फिर बाद में बात होगी "क्योंकि समस्त मुस्लमान उन्हीं दोनों की कारण से मुसीबत में पड़े हुए हैं "यह इन दोनों का ख़्याल था" और फिर स्वतंत्र रूप में मुस्लमानों को कोई फ़ैसला करने दें ताकि वे जिसे चाहें ख़लीफ़ा बना लें हालाँकि वे इस काम के लिए निर्धारित ही नहीं हुए थे। यह तो बात ही ग़लत थी जिसके बारे में इन निर्णय करने वालों ने सूचना शुरू कर दी थी क्योंकि वे इस काम के लिए निर्धारित नहीं किए गए थे परन्तु बहरहाल उन दोनों ने इस फ़ैसले का ऐलान करने के लिए एक आम जल्सा आयोजित किया और हज़रत अम्र बिन अल्आस ने हज़रत अबू मूसा अशअरी से कहा कि पहले आप अपने फ़ैसला का ऐलान कर दें, बाद में मैं ऐलान कर दूँगा। इसलिए हज़रत अबू मूसा ने ऐलान कर दिया कि वह हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु को ख़िलाफ़त से हटाते हैं। इस के बाद हज़रत अम्र बिन आस खड़े हुए और उन्होंने कहा कि अबू मूसा ने हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु को हटा दिया है और मैं भी उनकी इस बात से सहमत हूँ और हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु को ख़िलाफ़त से हटाता हूँ लेकिन मुआविया रज़ियल्लाहु अन्हु को मैं हटाता नहीं बल्कि उस के ओहदा इमारत पर उन्हें कायम रखता हूँ (हज़रत अम्र बिन आस ख़ुद बहुत नेक आदमी थे लेकिन इस वक़्त...." हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ि अल्लाहु तआला अन्हु लिखते हैं कि "......मैं इस बहस में नहीं पड़ता कि उन्होंने यह फ़ैसला क्यों किया था इस वक़्त बहरहाल वह बावजूद इस नेकी के वहां किसी तरह लोगों की बातों में आ गए या क्या हुआ? यह एक अलग विषय है इसलिए इस बहस में नहीं पड़ता लेकिन बहरहाल उनका फ़ैसला ग़लत था। "इस फ़ैसला पर हज़रत मुआविया के साथियों ने तो यह कहना शुरू कर दिया कि जो लोग निर्णायक निर्धारित हुए थे उन्होंने अली रज़ियल्लाहु अन्हु की बजाय मुआविया रज़ियल्लाहु अन्हु के हक़ में फ़ैसला दे दिया है और यह सही है परन्तु हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने इस फ़ैसला को मानने से इन्कार कर दिया और कहा कि न निर्णायक इस उद्देश्य के लिए निर्धारित थे और न

उनका यह निर्णय किसी कुरआन के हुक्म पर है। इस पर हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु के वही मुनाफ़िक़ स्वभाव साथी जिन्होंने निर्णायक निर्धारित करने पर-ज़ोर दिया था यह शोर मचाने लग गए कि निर्णायक निर्धारित ही क्यों किए गए थे जबकि धार्मिक मामलों में कोई निर्णायक हो ही नहीं सकता। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने उत्तर दिया कि अव्वल तो यह बात समझौते में शामिल थी कि उनका फ़ैसला क़ुरआन के अनुसार होगा जिसको उन्होंने पूरा नहीं किया।" कि क़ुरआन के अनुसार फ़ैसला हुआ ही नहीं। "दूसरे निर्णायक तो ख़ुद तुम्हारे बार बार कहने के कारण से निर्धारित किए गए थे या निर्धारित किया गया था और अब तुम ही कहते हो कि मैंने निर्णायक क्यों निर्धारित किया? (यह जो बाग़ी थे जो मुनाफ़िक़ थे) उन्होंने कहा हम ने हक मारा था और हमने आपसे जो कुछ कहा था वह हमारी ग़लती थी। परन्तु सवाल यह' है कि आपने यह बात क्यों मानी। इस का तो यह अर्थ हैं कि हम भी गुनहगार हो गए और आप भी। बराबर हो गए दोनों। हमने भी ग़लती का इर्तिकाब किया और आपने भी। अब हमने तो अपनी ग़लती से तौबा कर ली है। उचित यह है कि आप भी तौबा करें और इस बात का इक़रार करें कि आपने जो कुछ किया है नाजायज़ किया है। इस से उनका उद्देश्य यह था कि यदि हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने इन्कार किया तो वह यह कह कर आपकी बैअत से अलग हो जाऐंगे कि उन्होंने चूँकि एक इस्लाम के खिलाफ कार्य किया है इसलिए हम आपकी बैअत में नहीं रह सकते और यदि उन्होंने अपनी ग़लती को स्वीकार कर लिया यदि अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने इन्कार किया तो वह यह कह कर बैअत से अलग हो जाऐंगे कि इस्लाम के खिलाफ कार्य किया है इसलिए हम आपकी बैअत में नहीं रह सकते और यदि उन्होंने अपनी ग़लती को स्वीकार कर लिया। और कहा कि मैं तौबा करता हूँ तो भी उनकी ख़िलाफ़त बातिल हो जाएगी क्योंकि जो व्यक्ति इतने बड़े गुनाह का करने वाला हो वह ख़लीफ़ा किस तरह हो सकता है। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने जब यह बातें सुनी तो कहा कि मैंने कोई ग़लती नहीं की। जिस विषय के संबंध में मैंने निर्णायक निर्धारित किया था इस में किसी को निर्णायक निर्धारित करना शरीयत इस्लामिया की दृष्टि से जायज़ है। बाक़ी मैंने निर्णायक निर्धारित करते वक़्त साफ़ तौर पर यह शर्त रखी थी कि वह जो कुछ फ़ैसला करेंगे यदि क़ुरआन और हदीस के अनुसार होगा तब मैं उसे स्वीकार करूँगा अन्यथा नहीं मैं उसे किसी सूरत में भी स्वीकार नहीं करूँगा। उन्होंने चूँकि इस शर्त को दृष्टिगत नहीं रखा और न जिस उद्देश्य के लिए उन्हें निर्धारित किया गया था उस के संबंध में उन्होंने कोई फ़ैसला किया है इसलिए मेरे लिए उनका फ़ैसला कोई हुज्जत नहीं। परन्तु उन्होंने हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु के इस कारण को स्वीकार नहीं किया और बैअत से अलग हो गए और ख़वारिज कहलाए और उन्होंने यह धर्म निकाला कि वाजिब इल्ला इताअत ख़लीफ़ा कोई नहीं। मुसलमानों की अधिकता के अनुसार अनुसार अमल हुआ करेगा क्योंकि किसी एक व्यक्ति को अमीर वाजिबुल इताअत मानना لا حكم الا لله के ख़िलाफ़ है।'

(उद्धरित ख़िलाफ़ते राशिदा,अन्वारुल ऊलूम, भाग 15 पृष्ठ 486 से 488)

जंगे नहरवान 38 हिज्री में हुई थी। नहरवान बग़दाद और वास्त के मध्य स्थित है। इस स्थान पर हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु और ख़वारिज के मध्य जंग लड़ी गई थी।

(मोअज्जमुल बुबलदान, भाग 5 पृष्ठ 375 दारुल क़ुतुब अल्इल्मिया बेरूत)

इब्ने असीर की तारीख़ में इस प्रकार लिखा है कि जंगे सिफ्फ़ीन के समझौता के लिए हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की ओर से हज़रत अबू मूसा अशअरी और अमीर मुआविया की ओर से हज़रत अम्र बिन आस निर्णायक निर्धारित हुए। तारीख़ में इस घटना को 'तहकीम' कहते हैं। तहकीम के मामले में हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु से उनके लश्कर के एक गिरोह ने मतभेद किया और बग़ावत करते हुए अलग हो कर ख़वारिज कहलाया। इन ख़वारिज ने तहकीम को गुनाह क़रार देकर हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु से तौबा करने और ख़िलाफ़त से हटने की मांग की तो आपने साफ़ इन्कार कर दिया। क्यों इन्कार किया यह विवरण पहले आ चुका है। हज़रत अली अमीर मुआविया के ख़िलाफ़ दुबारा शाम की ओर पेशक़दमी की तैयारी में व्यस्त थे कि ख़वारिज ने फ़साद शुरू कर दिया। उन्होंने अब्दुल्लाह बिन वहब को अपना इमाम बनाया और कूफ़ा से नहरवान की ओर चले गए। ख़वारिज ने बस्रा में भी अपना जत्था जमा किया जो बाद में नहरवान में अब्दुल्लाह बिन वहब के लश्कर से जा मिला। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के एक सहाबी अब्दुल्लाह बिन ख़ब्बाब् को हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की तरफ़दारी पर क़तल कर दिया और उनकी गर्भवती पत्नी का पेट काट कर के निहायत बेदर्दी से उसे भी क़तल कर दिया और क़बीला तय की तीन महिलाओं को भी क़तल कर दिया। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु तक जब यह हालात पहुंचे तो आपने तहक़ीक़ के लिए हारिस बिन मुर्रा को दूत के तौर पर भेजा। जब वह उनके पास गए तो ख़वारिज ने उन्हें भी क़त्ल कर दिया। यह हालात देखकर हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने शाम जाने का इरादा छोड़ दिया और लगभग पैंसठ हज़ार का लश्कर जो शाम के लिए तैयार किया था इसे लेकर ख़वारिज के मुक़ाबला के लिए निकले। जब आप नहरवान स्थान पर पहुंचे तो ख़वारिज को सुलह की दा'वत दी और हज़रत अबू अय्यूब अंसारी रज़ियल्लाहु अन्हु को झण्डा दिया कि जो उस की पनाह में आ जाएगा इस से जंग नहीं की जाएगी। यह ऐलान सुनकर ख़वारिज जिनकी संख्या चार हज़ार थी उनमें से एक सौ हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु के साथ शामिल हो गए और एक बड़ी संख्या कूफ़ा को लोट गई। सिर्फ एक हज़ार आठ सौ लोग अब्दुल्लाह बिन वहब ख़ारजी की निगरानी में आगे बढ़े और हज़रत अली के पैंसठ हज़ार के लश्कर से जंग हुई जिस में समस्त ख़वारिज मारे गए। एक रिवायत के अनुसार ख़वारिज की मामूली संख्या जो कि दस से भी कम थी बच सकी। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु के लश्कर में से सात आदमी शहीद हुए।

(उद्धरित अल कामिल फ़ी तारीख़ लेखक इब्ने असीर, भाग 3 पृष्ठ 212 से 223 दारुल क़ुतुब अल्इल्मिया बेरूत लबनान 2003 ई)(तारीख़ अलमसऊदी, भाग 2, पृष्ठ 342 नफ़ीस अकैडमी इस्ट्रेचन रोड कराची, नवम्बर 1985 ई)

हज़रत उम्रह पुत्री अब्दुर्रहमान रज़ियल्लाहु अन्हु ने वर्णन किया कि जब हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु बस्रा की ओर रवाना हुए तो विदाई की मुलाक़ात के लिए नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की पत्नी हज़रत उम्मे सलमा रज़ियल्लाहु अन्हा की सेवा में आई। उन्होंने फ़रमाया आप अल्लाह तआला की सुरक्षा में जाएं अर्थात हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु को कहा कि आप अल्लाह तआला की सुरक्षा में जाएं। ख़ुदा की क़सम ! निसन्देह आप हक़ पर हैं और हक़ आपके साथ है। रसूल अल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हमें घरों में ठहरने का हुक्म दिया है। इसलिए यदि अल्लाह और उस के रसूल की ना-फ़रमानी का डर न होता तो मैं आपके साथ चलती लेकिन अल्लाह की क़सम ! जबकि मैं अपने बेटे उम्र को आपके साथ रवाना करती हूँ जो मेरे निकट सबसे उत्तम है और वह मुझे मेरी जान से भी अधिक प्यारा है।

(अलमुस्तदरक अस्सहीहैन, भाग 3 पृष्ठ 129 किताब मारफ़ अल-सहाब ज़िक्र इस्लाम अमीरुल मौमेनीन अली, हदीस नम्बर 4611 प्रकाशन दारुल क़ुतुब अल्इल्मिया बेरूत 2002 ई)

बहरहाल यह वर्णन अभी चल रहा है। आइन्दा अगले हफ़्ते भी चलेगा। इंशा-अल्लाह।

आज भी में पाकिस्तान और अल-जज़ाएर के अहमदियों के लिए दुआ के लिए कहना चाहता हूँ। अल-जज़ाएर की तो एक अच्छी ख़बर है कि पिछले दो तीन दिनों में दो विभिन्न अदालतों ने झूठे आरोप में ग्रस्त बहुत सारे अहमदियों को बरी किया है। अल्लाह तआला इन न्यायप्रिय जजों को प्रतिफल दे और बाक़ी इंतिज़ामिया और आदालत को भी इन्साफ़ से काम लेने की तौफ़ीक़ प्रदान फ़रमाए जो झूठे मुक़द्दमे अहमदियों पर क़ायम कर रहे हैं।

पाकिस्तान के कुछ अधिकारियों और जज जो इन्साफ़ से दूर हट रहे हैं और अपने अधिकारों का अवैध प्रयोग कर रहे हैं अल्लाह तआला उन्हें भी तौफ़ीक़ दे कि अपने दिलों के द्वेष और छल को निकाल कर मामले को देखने वाले हों। जिन लोगों की इस्लाह अल्लाह तआला के निकट मुक़द्दर नहीं अल्लाह तआला उनकी पकड़ के सामान शीघ्र फ़रमाए और अहमदियों के लिए पाकिस्तान में भी अमन तथा शान्ति के सामान पैदा फ़रमाए।

पाकिस्तानी अहमदी, पाकिस्तान में रहने वाले अहमदी विशेषता नवाफ़िल और दुआओं पर-ज़ोर दें। इन दुआओं में رَبِّ كُلُّ شَيْءٍ خَادِمُكَ رَبِّ فَاحْفَظْنِي وَانْصُرْنِي وَارْحَمْنِي भी बहुत पढ़ें। اَللّٰهُمَّ اِنَّا نَجْعَلُكَ فِيْ نُحُوْرِهِمْ وَنَعُوْذُبِكَ مِنْ شُرُوْرِهِمْ भी बहुत पढ़ें। इस्तिग़फ़ार की ओर भी ध्यान दें। दुरूद की ओर भी ध्यान दें। आजकल इस की बहुत ज़रूरत है। नवाफ़िल भी अदा करें जैसा कि मैंने कहा। अल्लाह तआला उनको तौफ़ीक़ भी दे और जल्द वहां के हालात भी सही फ़रमाए।

आज भी मैं नमाज़ों के बाद कुछ जनाज़े पढ़ाऊंगा जिनमें से पहला जनाज़ा श्रीमती हुमदा अब्बास साहिबा का है जो श्रीमान अब्बास बिन अब्दुल क़ादिर साहिब शहीद ख़ैरपुर की पत्नी थीं। 29 दिसम्बर को 91 वर्ष की उम्र में वफ़ात पा गईं। इन्ना लिल्लाहे व इन्ना इलैहि राजेऊन।

उनके पिता डाक्टर मुहम्मद इब्राहीम साहिब ने किंग ऐडवर्ड मैडीकल कॉलेज में पढ़ाई के दौरान 1926 ई में अपने अहमदी क्लास फ़ैलो से प्रभावित हो कर अपनी

पत्नी के साथ हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ि अल्लाहु तआला अन्हु के हाथ पर बैअत कर के अहमदियत क़बूल की थी। मई 1951 ई में लाहौर में हुमदा साहिबा की प्रोफ़ैसर अब्बास बिन अब्दुल क़ादिर साहिब के साथ शादी हुई थी जो हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के सहाबी हज़रत मौलाना अब्दुल माजिद साहिब के पोते थे और हज़रत सय्यदा सारा बेग़म साहिबा पत्नी हज़रत ख़लीफ़तुल मसीह सानी रज़ि अल्लाहु तआला अन्हु के बड़े भाई प्रोफ़ैसर अब्दुल क़ादिर साहिब के बेटे थे। 1974 ई में उनके पति प्रोफ़ैसर अब्बास बिन अब्दुल क़ादिर साहिब को ख़ैरपुर में शहीद कर दिया गया था तो बड़े धैर्य के साथ उन्होंने काम लिया। कोई व्याकुलता नहीं दिखाई और अल्लाह तआला की रज़ा पर राज़ी हुईं। आपके पति की शहादत पर आप के ग़ैर जमाअत ख़लेरे भाई ने अफ़सोस के पत्र में लिखा कि अब्बास बहुत अच्छे इन्सान थे। काश कि उनका अंजाम भी हिदायत की राह पर होता तो हुमदा साहिबा ने उनको उत्तर लिखा कि मुझे फ़ख़र है कि जिस राह पर मेरे पति ने जान दी है वह हिदायत की राह है।

फिर स्कूल के ज़माना में हुमदा साहिबा की एक गहरी सहेली शफ़ीक़ा साहिबा थीं जो इत्तिफ़ाक़ से पाकिस्तान के जनरल ज़ियाउल हक़ साहिब की पत्नी बनी। उन्होंने एक बार अपने पति ज़ियाउल हक़ साहिब के सदर बनने के बाद कहा कि सब लोग मुझे मिलने आते हैं परन्तु हुमदा नहीं आती। हुमदा साहिबा को यह पता लगा तो आपने यह सुन के कहा कि एक ऐसे व्यक्ति की बीवी से मिलने की मुझे कोई इच्छा नहीं जो मेरे प्यारे इमाम हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम और आपकी जमाअत से दुश्मनी रखता है। और फिर उस से कभी नहीं मिलीं।

आप बेशुमार ख़ूबियों की मालिक थीं। बेहद सफाई पसन्द थीं। जीवन का ढंग था। बहुत नेक और मुख़लिस महिला थीं। नमाज़ और रोज़े का हमेशा बहुत इल्तिज़ाम करती थीं। बच्चों को भी इस की आदत डाली। चंदा अदा करने में बहुत जल्दी करतीं। ख़ैरात करने के लिए हमेशा तैयार रहा रहती थीं। रमज़ान के महीने में बहुत से लोगों के लिए अपने घर पर रोज़ाना रोज़ा खुलवाने का इंतिज़ाम करतीं। ख़िलाफ़त से बे इंतिहा सम्पर्क और इशक़ और मुहब्बत थी। अपने हाथ से बाक़ायदा मुझे पत्र लिखा करती थीं। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की पुस्तकों का अक्सर अध्ययन करतीं और सिल्सिला की दूसरी कुतुब और अल्फ़ज़ल का आख़री वक़्त तक अध्ययन करती रहीं। 2006 ई में उनकी छोटी बेटी डाक्टर आमिरा ट्रैफ़िक हादिसे में दो बच्चों के साथ वफ़ात पा गईं तो इस सदमे को बड़े हौसले से बर्दाश्त किया और सब्र का एक मिसाली नमूना दिखाया। सब अज़ीज़ रिश्तेदार और मिलने जुलने वाले आपकी बेशुमार ख़ूबियों की कारण से आपसे मुहब्बत करते थे। ग़ैर अहमदी रिश्तेदारों का भी आपसे बहुत मुहब्बत का सम्पर्क था। पीछे रहने वालों में तीन बेटियां और दो बेटे शामिल हैं जो कि अमरीका, कैनेडा और नार्वे में रहते हैं। अल्लाह तआला इन सबको, उनकी औलाद को और उनकी औलाद की नस्ल को उनकी नेकियों को जारी रखने की तौफ़ीक़ अता फ़रमाए। मरहूमा के दर्जात बुलंद फ़रमाए।

अगला जनाज़ा रिज़वान सय्यद नईमी साहिब इराक़ का जो 13 नवम्बर को 70 वर्ष की उम्र में वफ़ात पा गए। इन्ना लिल्लाहे व इन्ना ईलेही राजेऊन।

उनके बेटे मुस्तफ़ा नईमी साहिब लिखते हैं कि मेरे पिता साहिब ने स्वप्न में ख़ुद को हज़रत सय्यद अब्दुल क़ादिर जीलानी साहिब के पास देखा जिन्हों ने पिता साहिब को अपना जूता अता फ़रमाया। पिता साहिब ने यह कहते हुए उसे लेने में झिजक महसूस की कि मेरी क्या औक़ात कि मैं सय्यद अब्दुल क़ादिर जीलानी का जूता पहन सकूँ लेकिन सय्यद अब्दुल क़ादिर जीलानी ने इसरार किया तो पिता साहिब ने जूता पहन लिया उस के बाद सय्यद अब्दुल क़ादिर जीलानी ने एक व्यक्ति और उस की जमाअत की ओर इशारा कर के पिता साहिब को उनमें शामिल होने का इरशाद फ़रमाया। इस के बाद रिज़वान नईमी साहिब को स्वप्न में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की ज़यारत भी हुई। कुछ वर्ष बाद एम. टी. ए. के माध्यम से उनका जमाअत से परिचय हुआ तो रिज़वान साहिब ने कहा कि उन्हें स्वप्न में आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की जो ज़यारत हुई थी इस से मुराद आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के सच्चे सेवक हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम की आमद थी और दूसरी स्वप्न में जिस व्यक्ति और उस के जमाअत की ओर शेख़ अब्दुल क़ादिर जीलानी ने इशारा कर के उनमें शामिल होने को कहा था उस से मुराद ख़लीफ़तुल मसीह और उनकी जमाअत है। इसलिए उन्होंने 2012 ई में बैअत कर ली।

मरहूम बड़े नेक सालेह और अपने रिश्तेदारों और ग़रीबों की मदद करने वाले थे। तब्लीग़ का बहुत शौक़ था। कमज़ोर सेहत और लोगों के विरोध के बावजूद अपने क्षेत्र में अहमदियत की तब्लीग़ करते रहते थे। अपने ख़ानदान को हमेशा नसीहत करते रहते थे कि वे बैअत कर के जमाअत में शामिल हो। उनके बेटे और पत्नी और पत्नी के भाई ने भी अब बैअत कर ली है। अल्लाह तआला उनको दृढ़ता प्रदान फ़रमाए और उन लोगों को मरहूम की नेकियों को जारी रखने की तौफ़ीक़ प्रदान फ़रमाए। मरहूम के दर्जात अल्लाह तआला बुलंद फ़रमाए।

अगला जनाज़ा श्रीमान मलिक अली मुहम्मद साहिब हजका ज़िला सरगोधा का है जो मुहम्मद अफ़ज़ल ज़फ़र साहिब मुरब्बी सिल्सिला कीनिया के पिता थे। 20 अगस्त को 90 वर्ष की उम्र में वफ़ात पा गए। इन्ना लिल्लाहे व इन्ना ईलैहि राजेऊन। 1974 ई में आप को जेल में ख़ुदा के लिए कैद होने की सआदत भी प्राप्त हुई। सिल्सिला के कर्मचारियों, वाकफ़ीन ज़िन्दगी, मुरब्बियान और मुअल्लमीन की बहुत अधिक इज़्ज़त किया करते थे। मरहूम तहज्जुद की नमाज़ पढ़ने वाले, नमाज़ क़ुरआन के पाबन्द, बहुत मेहमान नवाज़ थे। ग़रीबों का ध्यान रखने वाले थे। धैर्य तथा और शुक्र करने वाले थे। प्रेम के साथ काम लेने वाले थे। एक नेक और मुख़लिस इन्सान थे। क़ुरआन करीम की तिलावत बाक़ायदगी से करते थे और आप को अत्याधिक बच्चों को क़ुरआन करीम पढ़ाने की भी तौफ़ीक़ मिली। पीछे रहने वालों में तीन बेटे और ग्यारह पोते पोतियां शामिल हैं। श्रीमान मुहम्मद अफ़ज़ल ज़फ़र साहिब मुरब्बी सिल्सिला कीनिया जैसा कि मैंने कहा उनके बेटे थे जो कि आजकल वहां कीनिया में काम कर रहे थे इस कारण से अपने पिता के जनाज़ा में और तदफ़ीन में शामिल नहीं हो सके। अल्लाह तआला उनको भी धैर्य और हौसला प्रदान फ़रमाए। मरहूम से क्षमा और रहम का सुलूक फ़रमाए। दर्जात बुलंद फ़रमाए।

अगला जनाज़ा एहसान अहमद साहिब लाहौर का है जो शफ़क़त महमूद साहिब के पुत्र थे। 27 जुलाई को 35 वर्ष की उम्र में कोरोना वायरस के कारण से उनकी वफ़ात हुई। इन्ना लिल्लाहे व इन्ना ईलेही राजेऊन।

आप हज़रत मौलवी नूर उद्दीन अजमल साहिब आफ़ गोलीकी ज़िला गुजरात सहाबी हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के पोते थे और इरशाद अहमद साहिब गुजरांवाला के नवासे थे। पिछले दो वर्ष आपको हलक़ा रचना टाउन लाहौर में बतौर सदर जमाअत ख़िदमत की तौफ़ीक़ मिली। इस के अतिरिक्त दिल्ली गेट इमारत में बतौर सैक्रेटरी नौमुबाईन सेवा की तौफ़ीक़ पाई। तब्लीग़ का बहुत शौक़ था। ख़ुदा के फ़ज़्ल से आपको आठ लोगों को बैअत करवाने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। पीछे रहने वालों में पत्नी के अतिरिक्त दो बेटे प्रिय हन्नान मसरूर आयु 6 वर्ष और प्रिय मुबीन अहमद ताहिर उम्र 3 वर्ष और एक बेटी अज़ीज़ा सायरा अहमद 5 वर्ष के अतिरिक्त माता, माताा और तीन भाई और दो बहनें शामिल हैं। अल्लाह तआला उन सबको धैर्य और हौसला प्रदान फ़रमाए। इन बच्चों का स्वयं रक्षक हो और उनको उनकी नेकियां जारी रखने की तौफ़ीक़ प्रादन फ़रमाए। मरहूम के दर्जात बुलन्द फ़रमाए।

अगला जनाज़ा श्रीमान रियाज़ुद्दीन शम्स साहिब का है जो मौलाना जलालुद्दीन शम्स साहिब के छोटे बेटे थे। 27 मई को वफ़ात पा गए। इन्ना लिल्लाहे व इन्ना ईलेही राजेऊन।

मरहूम के ख़ानदान का परिचय यह है कि हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलाम के सहाबा हज़रत मियां मुहम्मद सिद्दीक़ साहब रज़ियल्लाहु अन्हु के पड़ पोते, हज़रत मियां इमामुद्दीन साहिब सेखवानी रज़ियल्लाहु अन्हु के पोते, हज़रत ख़्वाजा उबैदुल्लाह साहब रज़ियल्लाहु अन्हु के नवासे और हज़रत मौलाना जलालुद्दीन साहिब शमस रज़ियल्लाहु अन्हु के बेटे थे। ये समस्त सहाबा थे। मरहूम मूसी थे। पीछे रहने वालो में दो बेटियां और एक बेटा शामिल हैं। उनकी पत्नी पहले फ़ौत हो गई थीं। अल्लाह तआला उनको, उनके बच्चों को सब्र और हौसला प्रदान फ़रमाए। और मरहूम से मग़फ़िरत और रहम का सुलूक फ़रमाए। दर्जात बुलंद फ़रमाए। उनके भाई मुनीरुद्दीन शम्स साहिब कहते हैं कि मरहूम बहुत ख़ूबियों के मालिक थे। नमाज़ों के पाबंद थे। बच्चों को हमेशा नमाज़ की नसीहत करते थे। ख़िलाफ़त से बहुत मुहब्बत थी। घर में हमेशा ख़िलाफ़त से जुड़े रहने की बातें होती रहा करती थीं। यहां बीमारी के दिनों में भी पिछले दो वर्ष हुए मुझे मिलने के लिए आए और बावजूद बीमारी के बड़े सब्र और हौसले से और ख़ुशमिज़ाजी से बातें करते रहे। फ़िक्र थी तो अपने बच्चों की। अपनी कोई फ़िक्र नहीं थी। उनके संबंध में सभी का यह कहना है कि हमेशा हर हाल में मुस्कुराते रहना और हर एक के साथ मिल-जुल कर रहना और दुख सुख में साथ देना उनकी ख़ूबीयों में शामिल था। अल्लाह तआला मरहूम से मग़फ़िरत और रहम का सुलूक फ़रमाता रहे और दर्जात बुलंद फ़रमाए।

☆ ☆ ☆ ☆

ख़ुत्बः जुमअः

तुम सब मिलकर अल्लाह की रस्सी को मज़बूती से थामे रखना और आपस में फूट न डालना क्योंकि मैं ने अबुल-क़ासिम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से सुना है कि बाहमी सम्पर्क की इस्लाह करना नफ़ल नमाज़ों और रोज़ों से बेहतर है

(हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु)

आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के महान ख़लीफ़ा-ए-राशिद और दामाद अबू तुराब,हज़रत अली अलमुर्तज़ा रज़ी अल्लाह तआला अन्हु के प्रशंसनीय गुणों का वर्णन

हज़रत अली रज़ी अल्लाह तआला अन्हु की शहादत के हालात और घटनाओं का वर्णन

امر بالمعروف اور نہی عن المنکر (अच्छी बातों का आदेश देना और बुरी बातों से रोकने) पर सदैव कार्यरत रहो, इस को कभी नहीं छोड़ना अन्यथा तुम में से बुरे तुम्हारे हाकिम बन जाऐंगे।

फिर तुम दुआ करोगे परन्तु तुम्हारी दुआएं क़बूल नहीं होंगी, जो आजकल मुस्लमान देशों का हाल है। दुआ करें कि यह वर्ष जमाअत के लिए, दुनिया के लिए, इन्सानियत के लिए बरकत वाला हो।

ये आफ़तें ख़ुदा तआला की ओर से अपने हुक़ूक़ और कर्तव्यों भूलने और अदा न करने बल्कि अत्याचार में बढ़ने की कारण से आती हैं। कोई बड़ी बात नहीं कि असल हथियारों की जंग भी हो जाए जो निहायत ख़ौफ़नाक जंग होगी। यह वर्ष मुबारकबादों का वर्ष उस वक़्त बनेगा जब हम अपने कर्तव्यों को अदा करने वाले होंगे।

हर अहमदी को ग़ौर करना चाहीए कि उस के सपुर्द एक बहुत बड़ा काम किया गया है दुनिया को इस झंडे के नीचे लाएं जो हज़रत मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने बुलंद किया था।

हर अहमदी मर्द, औरत, जवान, बच्चा, बूढ़ा इस बात को समझते हुए यह अह्द करे कि इस वर्ष मैंने दुनिया में एक इन्क़िलाब पैदा करने के लिए अपनी समस्त प्रतिभाओं को प्रयोग करना है।

आज दुनिया को मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के झंडे के नीचे लाने के लिए यदि कोई काम कर रहा है तो वह केवल अहमदी हैं

हमारा काम है कि दुआओं से अपनी इबादतों को पहले से बढ़ कर सजाएँ और यदि हम यह कर लेंगे तो फिर ही हम कामयाब हैं।

हमारी ख़ुशियां चाहे वह वर्ष के शुरू की हों या ईद की, असल तो उस वक़्त होंगी जब हम दुनिया में हर ओर अल्लाह तआला की तौहीद का झंडा लहराने वाले बनेंगे जिसे लेकर हज़रत मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम आए थे

अल्लाह तआला हर मुल्क में हर अहमदी को अपनी हिफ़्ज़-ओ-अमान में रखे और यह वर्ष हर अहमदी के लिए, हर इन्सान के लिए रहमतों और बरकतों का वर्ष बन कर आए

नए वर्ष के आरंभ पर मुल्कों के लीडरों और जमाअत अहमदिया के लिए उपदेश

अल-जज़ाएर और पाकिस्तान में अहमदियों के प्रचण्ड विरोध के दृष्टिगत दुआओं की तहरीक

ख़ुत्बः जुमअः सय्यदना अमीरुल मो'मिनीन हज़रत मिर्ज़ा मसरूर अहमद ख़लीफ़तुल मसीह पंचम अय्यदहुल्लाहो तआला बिनस्त्रिहिल अज़ीज़, दिनांक 1 जनवरी 2021 ई. स्थान - मस्जिद मुबारक इस्लामाबाद सिर्रे (यू.के)

أَشْهَدُ أَنْ لَّا إِلٰهَ إِلَّا اللّٰهُ وَحْدَهٗ لَا شَرِيْكَ لَهٗ وَأَشْهَدُ أَنَّ مُحَمَّدًا عَبْدُهٗ وَ رَسُوْلُهٗ۔ أَمَّا بَعْدُ فَأَعُوْذُ بِاللّٰهِ مِنَ الشَّيْطٰنِ الرَّجِيْمِ۔ بِسْمِ اللّٰهِ الرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ اَلْحَمْدُ لِلّٰهِ رَبِّ الْعَالَمِيْنَ۔ اَلرَّحْمٰنِ الرَّحِيْمِ۔ مٰلِكِ يَوْمِ الدِّيْنِ۔ إِيَّاكَ نَعْبُدُ وَإِيَّاكَ نَسْتَعِيْنُ۔ اِهْدِنَا الصِّرَاطَ الْمُسْتَقِيْمَ۔ صِرَاطَ الَّذِيْنَ أَنْعَمْتَ عَلَيْهِمْ۔ غَيْرِ الْمَغْضُوْبِ عَلَيْهِمْ وَلَا الضَّآلِّيْنَ

हज़रत अली रज़ी अल्लाह तआला अन्हु का वर्णन चल रहा है। हज़रत मुस्लेह मौऊद हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की शहादत की पृष्ठभूमि में वर्णन फ़रमाते हैं कि "अभी मामलों पूरी तरह सुलझे नहीं थे कि ख़वारिज के गिरोह ने यह मश्वरा किया कि इस फ़ित्ना को इस तरह दूर करो कि जिस क़दर बड़े आदमी हैं उनको क़तल कर दो। इसलिए उनके दिलेर अर्थात बहादुर लोग जो थे कुछ साहस वाले लोग जो थे यह इक़रार कर के निकले कि उन में से एक हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु को, एक हज़रत माविया रज़ियल्लाहु अन्हु को और एक अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हु को एक ही दिन और एक ही वक़्त में क़तल कर देगा। जो हज़रत माविया रज़ियल्लाहु अन्हु की ओर गया था उसने तो हज़रत माविया रज़ियल्लाहु अन्हु पर हमला किया लेकिन उस की तलवार ठीक नहीं लगी और हज़रत मुआविया केवल मामूली घायल हुए। वह व्यक्ति पकड़ा गया और बाद में क़तल किया गया। जो अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हु को मारने गया था वह भी नाकाम रहा क्योंकि वह बीमारी के कारण नमाज़ के लिए नहीं आए थे और जो व्यक्ति उनको नमाज़ पढ़ाने के लिए आया था अर्थात उस वक़्त हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हु की जगह उसने उस को मार दिया। जो अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हु पर हमला करने गया था ख़ुद पकड़ा गया और बाद में मारा गया। जो व्यक्ति हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु को मारने के लिए निकला था उसने जबकि आप रज़ियल्लाहु अन्हु सुबह की नमाज़ के लिए खड़े होने लगे आप रज़ियल्लाहु अन्हु पर हमला किया और आप ख़तरनाक तौर पर घायल हुए। आप रज़ियल्लाहु अन्हु पर हमला करते वक़्त उस व्यक्ति ने यह शब्द कहे कि अली रज़ियल्लाहु अन्हु ! तेरा हक़ नहीं कि तेरी हर बात मानी जाया करे बल्कि यह हक़ सिर्फ़ अल्लाह को है।'

(अनवारे ख़िलाफ़त, अनवारुल ऊलूम, भाग 3 पृष्ठ 202)

हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की शहादत की भविष्यवाणी आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाई थी। हज़रत उबैदुल्लाह ने वर्णन किया कि नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु से फ़रमाया हे अली! क्या तुम जानते हो कि अव्वलीन और आख़रीन में से सबसे बद-बख़्त व्यक्ति कौन है? उन्होंने कहा : अल्लाह और उसका रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम सबसे ज़्यादा जानते हैं। इस पर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया कि पहलों में सबसे बद-बख़्त व्यक्ति हज़रत सालह की ऊंटनी की कौंचें काटने वाला था और हे अली आख़रीन में सबसे बद-बख़्त व्यक्ति होगा जो तुम्हें भाला मारेगा और आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उस स्थान की ओर इशारा फ़रमाया जहां आप रज़ियल्लाहु अन्हु को भाला मारा जाएगा

हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की लौंडी उम्मे जाफ़र की रिवायत है कि मैं हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु के हाथों पर पानी डाल रही थी कि आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने अपना सिर उठाया और अपनी दाढ़ी को पकड़ कर उसे नाक तक बुलंद किया और दाढ़ी को सम्बोधित कर के फ़रमाया वाह वाह !तेरे क्या कहने। तुम ज़रूर ख़ून में रंगी जाओगी। फिर जुमआ के दिन आप शहीद कर दिए गए।

हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की शहीद होने की घटना एक जगह इस प्रकार वर्णन हुई है। इब्ने हनफ़ीया रिवायत करते हैं कि मैं और हज़रत हसन और हज़रत हुसैन हमाम में बैठे हुए थे कि हमारे पास इब्ने मल्जम आया। जब वह दाख़िल हुआ तो मानो हसनैन ने उस से नफ़रत का इज़हार किया और कहा कि तेरा यह साहस कि इस तरह यहां हमारे पास आए। मैंने उन दोनों से कहा कि तुम उसे मुँह न लगाओ। कसम से कि यह तुम्हारे ख़िलाफ़ जो कुछ करने का इरादा रखता है वह इस से भी

ज़्यादा ख़ौफ़नाक है। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु पर हमला के वक़्त इब्ने मलजम को क़ैदी बना कर लाया गया तो इब्ने हनफ़ीया ने कहा में तो उसे उस दिन ही अच्छी तरह जान गया था जिस दिन यह हमाम में हमारे पास आया था। इस पर हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया कि यह क़ैदी है। इस लिए उस की अच्छी तरह मेहमान नवाज़ी करो और उसे इज़्ज़त के साथ ठहराओं। यदि मैं ज़िन्दा रहा तो या तो उसे क़त्ल करूँगा या उसे माफ़ करूँगा और यदि मैं मर गया तो उसे मेरा बदला लेने में क़त्ल कर देना और सीमा से न बढ़ना। नि:सन्देह अल्लाह सीमा से बढ़ने वालों को पसन्द करता।

हज़रत इब्ने अब्बास के आज़ाद किए ग़ुलाम कुसम से रिवायत है कि हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने मेरे बड़े बेटे को अपनी वसीयत में लिखा कि इस अर्थात इब्ने मुल्जम के पेट और गुप्तांग में भाला न मारा जाए। लोगों ने वर्णन किया कि ख़वारिज में से तीन आदमियों को चुना गया था अब्दुल रहमान बिन मुल्जम मुरादी जो क़बीला हीमेयर से था और उस की गिनती क़बीला मुराद में होती थी जो किन्द: के ख़ानदान बनू हब्ला का हलीफ़ था और बकीर बिन अब्दुल्लाह तमीमी और अम्र बिन बुकीर तमीमी। ये तीनों मक्का में जमा हुए और उन्होंने पुख़्ता वादे किए कि वे तीन आदमियों अर्थात हज़रत अली बिन अबू तालिब रज़ियल्लाहु अन्हु, हज़रत मुआविया बिन अबू सुफ़ियान रज़ियल्लाहु अन्हु और हज़रत अम्र बिन आस रज़ियल्लाहु अन्हु को ज़रूर क़तल करेंगे, जैसा कि पहले वर्णन हो चुका है। ये नाम इन तीन क़त्ल करने वालों के थे जिस घटना का हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ी अल्लाहु तआला अन्हु ने शुरू में वर्णन किया था, और लोगों को उनसे निजात दिलाएंगे। अब्दुर्रहमान बिन मल्जम ने कहा मैं अली बिन अबू तालिब के क़तल का ज़िम्मा लेता हूँ। बकीर ने कहा मैं मुआविया के क़तल का ज़िम्मा लेता हूँ और अम्र बिन बुकैर ने कहा मैं तुम्हें अम्र बिन आस से निजात दिलाऊँगा। इसके बाद उन्होंने इस बात पर आपस में पक्का वादा किया और एक दूसरे को यक़ीन दिलाया कि वे अपने निश्चित किए व्यक्ति को क़तल करने के अह्द से पीछे नहीं हटेंगे और वे उस तक पहुँचेगा यहां तक कि उसे क़तल कर दे या उस राह में अपनी जान दे दें अर्थात इस हद तक वे जाऐंगे या तो उन तीनों को क़तल कर देंगे या अपनी जान दे देंगे, वापस नहीं आएँगे। उन्होंने आपस में रमज़ान की सत्रहवीं रात इस उद्देश्य के लिए निर्धारित की। फिर उनमें से हर व्यक्ति उस शहर की ओर रवाना हो गया जिसमें उसका उद्देशित व्यक्ति रहता था अर्थात जिसे उसने क़तल करना था। अब्दुर्रहमान बिन मल्जम कूफ़ा आया और अपने ख़ारिजी दोस्तों से मिला परन्तु उनसे अपने इरादा को गुप्त रखा। वह उन्हें मिलने जाता और वह उसे मिलने आते रहे। उसने एक दिन तय्मुर्रियाब क़बीला की एक जमाअत देखी जिसमें एक औरत कताम बिन्ते शिजना बिन अदी थी। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने जंगे नहरवान में उसके बाप और भाई को क़तल किया था। वह औरत इब्ने मल्जम को पसन्द आई तो उसने उसे निकाह का संदेश भेजा। उसने कहा में उस वक़्त तक तुझ से निकाह नहीं करूँगी जब तक तू मुझ से एक वादा न करे। इब्ने मल्जम ने कहा कि तू जो मांगेगी में वह तुझे दूँगा। उसने कहा कि तीन हज़ार और अली बिन अबी तालिब का क़तल। दिरहम तीन हज़ार होंगे और अली बिन अबू तालिब का क़तल। उसने कहा कि अल्लाह की क़सम! मैं तो इस शहर में अली बिन अबू तालिब को क़तल करने के वास्ते ही आया हूँ और मैं तुझे वह ज़रूर दूँगा जो तू ने मांगा। फिर इब्ने मल्जम, शबी बिन बजराह अश्जी से मिला और उसे अपने इरादे से अवगत किया और अपने साथ रहने का कहा। शबी ने उसकी यह बात मान ली। अब्दुर्रहमान बिन मल्जम ने वह रात जिसकी सुबह को उसने हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु को शहीद करने का इरादा किया था अशअस बिन कैद किन्दी की मस्जिद में उस से छुप कर बात करते हुए गुज़ारी। फ़ज्र के होने से पूर्व अशअस ने उसे कहा, उठो सुबह हो गई है। अब्दुर्रहमान बिन मल्जम और शबी बिन बजर खड़े हो गए और अपनी तलवारें लेकर उस थड़े के आमने सामने आकर बैठ गए जहां से हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु निकलते थे। हज़रत हसन बिन अली रज़ियल्लाहु अन्हु वर्णन करते हैं कि मैं सवेरे हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु के पास आकर बैठ गया। उस वक़्त हज़रत अली फ़रमाया : मैं रात-भर अपने घर वालों को जगाता रहा फिर बैठे-बैठे मेरी आँखों पर नींद छा गई तो स्वप्न में रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को देखा। मैंने निवेदन किया हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ! अर्थात हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु फ़रमाते हैं मैंने निवेदन किया हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मुझे आपकी उम्मत की ओर से टेढ़े पन और बहुत झगड़े का सामना है। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया : उनके ख़िलाफ़ अल्लाह तआला से दुआ करो। मैंने कहा हे अल्लाह मुझे उनके बदले में वह दे जो उनसे बेहतर हो और उनको मेरे बदले वह दे जो मुझसे बुरा हो। इतने में इब्ने नबाह मोअज़्ज़न आए और कहा कि नमाज़ का वक़्त हो गया है। हज़रत हसन रज़ियल्लाहु अन्हु कहते हैं कि मैंने हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु का हाथ पकड़ा तो वह खड़े हो कर चलने लगे। इब्ने नबाह आप रज़ियल्लाहु अन्हु के आगे थे और मैं पीछे। जब आप रज़ियल्लाहु अन्हु दरवाज़े से बाहर निकले तो आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने आवाज़ दी कि लोगो ! नमाज़, नमाज़। सलात, सलात की आवाज़ देते थे। आप रज़ियल्लाहु अन्हु हर रोज़ इसी तरह किया करते थे। जब आप निकलते तो आपके हाथ में कोड़ा होता था और आप रज़ियल्लाहु अन्हु उसे दरवाज़ों पर मार के लोगों को जगाया करते थे। ठीक उस वक़्त वे दोनों हमला-आवर आप रज़ियल्लाहु अन्हु के सामने निकल आए। अपनी आँखों से देखने वाले गवाहों में से कुछ का कहना है कि मैंने तलवार की चमक देखी और एक व्यक्ति को यह कहते हुए सुना कि हे अली ! हुक्म अल्लाह के लिए है न कि तुम्हारे लिए। फिर मैं ने दूसरी तलवार देखी। फिर दोनों ने मिलकर वार किया। अब्दुर्रहमान बिन मल्जम की तलवार हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की पेशानी से सिर की चोटी तक पड़ी और दिमाग़ तक पहुंच गई जबकि शबीब की तलवार दरवाज़े की लकड़ी पर जा लगी। मैंने हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु को यह फ़रमाते हुए सुना कि यह आदमी तुमसे भागने न पाए। लोग हर ओर से उन पर टूट पड़े परन्तु शबी बच कर निकल गया जबकि अब्दुर्रहमान बिन मल्जम गिरफ़्तार कर लिया गया और उसे हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु के पास पहुंचा दिया गया। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया कि उसे अच्छा खाना खिलाओ और नरम बिस्तर दो। यदि मैं ज़िन्दा रहा तो मैं इस का ख़ून माफ़ करने या बदला लेने का ज़्यादा हक़दार हूँगा और यदि मैं फ़ौत हो गया तो उसे भी क़तल कर के मेरे साथ मिला देना। मैं ख़ुदा के पास इस से लड़ूंगा।

(अत्तब्कातुल कुबरा ले इब्ने सअद ,भाग 3 पृष्ठ 25से 27 दारुल क़ुतुब अल्इल्मिया बेरूत 1990 ई)

अर्थात फिर आप रज़ियल्लाहु अन्हु यह विषय अल्लाह के समक्ष पेश करेंगे

जब हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की वफ़ात का वक़्त क़रीब आया तो आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने वसीयत की। आप की वसीयत थी।

बिस्मिल्लाह हिर्रहमानिर्रहीम। यह वह वसीयत है जो अली बिन अबी तालिब ने की है। अली ने यह वसीयत की है कि वह गवाही देता है कि अल्लाह के अतिरिक्त कोई उपास्य नहीं। वह अकेला है। उस का कोई साथी नहीं और यह कि मुहम्मद सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उस के बंदे और रसूल हैं जिन्हें अल्लाह ने हिदायत और दीन हक़ देकर भेजा था ताकि वह इस दीन को समस्त धर्मों पर विजय कर दें चाहे यह बात मुशरिकीन को बुरी ही लगे। नि:सन्देह मेरी नमाज़ और मेरी क़ुर्बानी और मेरी ज़िंदगी और मेरी मौत सब अल्लाह के लिए है। उस का कोई साथी नहीं और मुझे इसी का हुक्म दिया गया है और मैं आज्ञाकारियों में से हूँ। इस के बाद हे हस्न, अपने बेटे को सम्बोधित करके फ़रमाया कि मैं तुझे और अपनी समस्त औलाद और अपने समस्त घर वालों को अल्लाह तआला से डरते रहने की वसीयत करता हूँ जो तुम्हारा पालनहार है और यह कि तुम इस्लाम में ही दुनिया से विदा होना। तुम सब मिलकर अल्लाह की रस्सी को मजबूती से थामे रखना और आपस में फूट ना डालना क्योंकि मैंने अबुल क़ासिम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम से सुना है कि आपसी संबंधों की इस्लाह करना नफ़ल नमाज़ों और रोज़ों से बेहतर है। (यह बड़ी महत्त्वपूर्ण बात है। उसे याद रखना चाहिए कि आपसी संबंध की इस्लाह करना नफ़ल नमाज़ों और रोज़ों से बेहतर है। आपस में सुलह सफ़ाई से रहना इस्लाह करना और करवाना यह बहुत बड़ा काम है) तुम अपने रिश्तेदारों का ख़्याल रखना और उनके साथ हुस्ने सलूक करना इस से अल्लाह तआला तुम पर हिसाब आसान फ़र्मा देगा। यतीमों के मामलों में अल्लाह से डरना। न तो उन्हें इस बात पर मजबूर करना कि वे अपनी ज़बान से तुम से सहायता माँगा करें और न इस बात पर कि वे तुम्हारे सामने ज़ाए हो जाएं। पड़ोसियों के बारे में अल्लाह से डरो क्योंकि यह तुम्हारे नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की वसीयत है। आप हमेशा पड़ोसियों के हुक़ूक़ की वसीयत करते रहे यहाँ तक कि हमें गुमान हुआ कि कहीं आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम पड़ोसियों को वारिस ही न बना दें। क़ुरआन के मामले में अल्लाह से डरो। क़ुरआन पर अनुकरण करने में कहीं दूसरे तुम पर प्राथमिकता न ले जाएं। नमाज़ के मामले में अल्लाह तआला से डरो क्योंकि यह तुम्हारे धर्म का सतून है। अपने रब के घर के बारे में अल्लाह तआला से डरो और ज़िन्दगी भर उसे ख़ाली न होने दो क्योंकि यदि वह ख़ाली छोड़ दिया गया तो उस जैसा कोई घर तुम्हें नहीं मिलेगा। और अल्लाह के रास्ते में जिहाद के मामले में

अल्लाह से डरो और अपनी जानों और मालों से जिहाद करो। और ज़कात के बारे में अल्लाह से डरो क्योंकि यह रब के ग़ुस्सा को बुझाती है। और अपने नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ज़िम्मेदारी के बारे में अल्लाह से डरो। तुम्हारे मध्य किसी पर अत्याचार न किया जाए। और अपने नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के सहाबा के बारह में अल्लाह से डरो क्योंकि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उनके हक़ में वसीयत फ़रमाई है। और गरीबों और असहायों के बारे में भी अल्लाह से डरो और उन्हें अपने सामान व्यवसाय में शामिल करो। और उनके बारे में अल्लाह से डरो जिनके मालिक तुम्हारे दाहने हाथ हुए हैं अर्थात जिनकी ज़िम्मेवारी तुम्हारे सपुर्द की गई है उनके मामलों के बारे में भी अल्लाह से डरो। नमाज़ की हिफ़ाज़त करो। नमाज़ की हिफ़ाज़त करो। फ़रमाया अल्लाह तआला के लिए किसी निन्दा करने वाले का ख़ौफ़ मत करो। अल्लाह तआला की रज़ा सामने चाहिए। (बहुत अहम चीज़ है वह ख़ुदा तुम्हारे लिए काफ़ी होगा उस व्यक्ति के ख़िलाफ़ जो तुम्हें कोई नुक़्सान पहुंचाना चाहे और तुम्हारे ख़िलाफ़ बग़ावत करे। और लोगों से नेक बात कहो जैसा कि अल्लाह तआला ने तुम्हें हुक्म दिया है। अच्छी बातों का आदेश देने और बुरी बातों से रुकने का अन्यथा तुम में से बुरे तुम्हारे हाकिम बन जाऐंगे बड़ी अहम बात है अच्छी बातों का आदेश देने और बुरी बातों से रुकने का नेक कामों के कहना का और बुरे कामों से रोकना इस पर हमेशा पाबन्द रहो। इस को कभी ना छोड़ना अन्यथा तुम में से बुरे तुम्हारे हाकिम बन जाऐंगे फिर तुम दुआ करोगे परन्तु तुम्हारी दुआएं क़बूल नहीं होंगी। (जो आजकल मुस्लमान मुल्कों का हाल है) एक दूसरे से राबता और सम्पर्क रखों और तकल्लुफ़ात के बिना एक दूसरे के काम आओ। ख़बरदार! एक दूसरे से शत्रुता न बढ़ाओ, न मेल मिलाप बन्द करो और न फूट डालो और नेकी और तक़्वा में आपस में सहयोग करो और गुनाह और सरकशी में सहयोग न करो। अल्लाह तआला का तक़्वा धारण करो। निसन्देह अल्लाह तआला सख़्त सज़ा देने वाला है। हे अहले बैत! के सम्मानित लोगो अल्लाह तआला तुम्हारी सुरक्षा करे और तुम्हारे नबी सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की तुम्हारे द्वारा हिफ़ाज़त करे अर्थात तुम्हारे नेक आचरण के द्वारा रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मानो हमेशा ज़िंदा रहें। मैं तुम्हें अल्लाह के सपुर्द करता हूँ और तुम पर सलाम और अल्लाह की रहमत भेजता हूँ।

(तारीख़ तिबरी, भाग 3 पृष्ठ 158 सन् 40 दारुल क़ुतुब अल्इल्मिया बेरूत 1987 ई)

अबू सिनान का वर्णन है कि जब हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु घायल थे तो वह उनकी इयादत के लिए गए। रावी कहते हैं कि मैंने अर्ज़ की कि हे अमीरुल मौमेनीन आपकी इस घायल हालत पर हमें बहुत कष्ट हो रहा है। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया लेकिन ख़ुदा की क़सम मुझे अपने ऊपर कोई कष्ट नहीं है क्योंकि सच्चे और सच्चा करने वाले रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने मुझे बता दिया था कि तुम्हें एस उस जगह पर घाव आएँगे और आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने अपनी कनपटियों की ओर इशारा किया फिर वहां से ख़ून बहेगा यहाँ तक कि तेरी दाढ़ी रंगीन हो जाएगी और ऐसा करने वाला इस उम्मत का सबसे बड़ा बद-बख़्त व्यक्ति होगा जैसा कि ऊंटनी की कौंचें काटने वाला क़ौम स्मूद का सबसे बड़ा बद-बख़्त था।

(अल्मुस्तद्र्क अस्सहीहैन, भाग 3 पृष्ठ 327 كتاب معرفته الصحابة ذكر اسلام امير المومنين على, हदीस नंबर4648 प्रकाशित दारुल फ़िक्र 2002 ई)

एक रिवायत है कि हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने अपने क़ातिल इब्ने मल्जम के बारे में फ़रमाया उस को बिठाओ। यदि मैं मर गया तो उसे क़तल कर देना परन्तु उस का (मुसला)कान नाक इत्यादी ना काटना और यदि मैं ज़िंदा रहा तो मैं ख़ुद उस की माफ़ी या बदला का फ़ैसला करूँगा।

(अल् इस्तेयाब भाग 3 पृष्ठ 219 दारुल क़ुतुब अल्इल्मिया बेरूत 2002)

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ी अल्लाहु तआला अन्हु इस बात का वर्णन करते हुए इस प्रकर फ़रमाते हैं कि "तारीख़ों में लिखा है हज़रत अली रज़ी पर एक व्यक्ति ने ख़ंजर के साथ हमला किया और आप का पेट काट दिया वह पकड़ा गया।" बहरहाल आपने यह लिखा है कि पेट काट दिया।सिर का घाव भी था। शायद पेट पर भी घाव हुआ हो या वैसे ही आपका ख़्याल था या मुहावरा के रूप में बोला हो। क्योंकि अधिकतर रिवायतें बहरहाल सिर के घाव की आती हैं। वह पकड़ा गया "तो सहाबा ने आपसे पूछा कि हम उस के साथ क्या सुलूक करें। आपने हज़रत इमाम हसन रज़ियल्लाहु अन्हु को बुलवाया और वसीयत की कि यदि मैं मर जाऊं तो मेरी जान के बदले उस की जान ले ली जाए लेकिन यदि मैं बच जाऊं तो फिर उसे क़तल न किया जाए।''

(ख़ुत्बाते महमूद, भाग 16 पृष्ठ 428)

अम्र ज़ी मुर वर्णन करते हैं कि जब हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु को तलवार के घाव आए तो मैं आप रज़ियल्लाहु अन्हु की सेवा में हाज़िर हुआ। आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने अपना सिर लपेटा हुआ था। मैंने अर्ज़ किया हे अमीर-मोमिनीन! मुझे अपना घाव दिखाएंगे। आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने घाव से कपड़ा खोला तो मैं ने अर्ज़ किया हल्का सा घाव है और कुछ नहीं है। फ़रमाया : मैं तुम लोगों से जुदा होने वाला हूँ। इस पर आपकी साहबज़ादी उम्मे कुलसूम पर्दे के पीछे से रो पड़ी। आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने उसे फ़रमाया चुप हो जाओ। यदि तुम वह देख लो जो मैं देख रहा हूँ तो न रोओ। मैंने अर्ज़ की कि हे अमीरुल मौमेनीन !आप क्या देख रहे हैं? फ़रमाया यह फ़रिश्तों और नबियों के वफ़्द हैं और यह मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम हैं जो फ़र्मा रहे हैं (अर्थात एक नज़ारा मैं देख रहा हूँ कि फ़रिश्तों और नबियों के वफ़्द हैं, मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम भी वहां हैं । आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम फ़र्मा रहे हैं) कि अली! ख़ुश हो जाओ क्योंकि जिस ओर तुम जा रहे हो वह इस से बेहतर है जिसमें तुम मौजूद हो। एक रिवायत में है कि जब हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु अपनी वसीयत से फ़ारिग़ हुए तो फ़रमाया मैं आप सबको अस्सलामु अलैकुम वरहमतुल्लाह वबरकातहो कहता हूँ। इसके बाद कोई बात नहीं की अतिरिक्त ला-इलाह इलल्लाह के कलिमा के, यहां तक कि आपकी रूह क़ब्ज़ हो गई।

(उसोदुल ग़ाबा फी मअरेफतुल सहाबा ले इब्ने असीर,भाग 4 पृष्ठ 114-115 वर्णन अली बिन अबी तालिब, दारुल क़ुतुब अल्इल्मिया बेरूत 2003 ई)

जब हज़रत अली बिन अबू तालिब रज़ियल्लाहु अन्हु की वफ़ात हुई तो हज़रत हसन बिन अली रज़ियल्लाहु अन्हु मंच पर खड़े हुए और फ़रमाया हे लोगो आज की रात एक ऐसे व्यक्ति की वफ़ात हुई है कि न इस से पहले लोग उस से सबक़त ले जा सके और न बाद में आने वाले उस का स्थान पा सकेंगे। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम जब उसे किसी मुहिम पर भेजते तो जिब्राईल उस के दाएं ओर और मीकाईल उस के बाएंई ओर होते थे और वह वापस न लौटता था जब तक कि अल्लाह तआला उस के हाथ पर फ़तह न प्रदान कर देता था। उसने केवल सात सौ दिरहम विरासत छोड़ी है। उस का इरादा था कि वह इस रक़म से ग़ुलाम ख़रीदे और उस की रूह उसी रात को क़ब्ज़ की गई जिस रात को हज़रत ईसा अलैहिस्सलाम की रूह का रफ़ा हुआ था अर्थात सत्ताईस रमज़ान उल-मुबारक की रात। एक और रिवायत में है हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की शहादत की तारीख़ सत्रहवीं रमज़ान की रात सन चालीस हिज्री वर्णन हुई है। यह चालीस हिज्री का वर्ष था और आपकी ख़िलाफ़त का ज़माना चार वर्ष साढ़े आठ महीने रहा।

(अत्तबकातुल कुबरा ले इब्ने साअद,भाग 3 पृष्ठ 28 वर्णन अली इब्ने`अबी तालिब, दारुल क़ुतुब अल्इल्मिया बेरूत 1990 ई) (अल्साअबा फ़ी तमीईज़ सहाबा ले इब्ने हिज्र असकलानी, भाग 4 पृष्ठ 468 वर्णन अली बिन अबी तालिब, दारुल क़ुतुब अल्इल्मिया बेरूत 2005 ई)

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ि अल्लाहो तआला अन्हु इस घटना को वर्णन फ़रमाते हैं। तबक़ात इब्ने सअद की भाग तीन में हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की वफ़ात के हालात में हज़रत इमाम हसन रज़ियल्लाहु अन्हु से रिवायत की गई है कि आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया कि हे लोगो ! आज वह व्यक्ति फ़ौत हुआ है कि उसकी कुछ बातों को न पहले पहुंचे और न बाद को आने वाले पहुँचेंगे। रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम उसे जंग के लिए भेजते थे तो जिब्राईल उसके दाएं ओर होते थे और मीकाईल बाएं ओर। अत: वह बिना विजय प्राप्त किए वापस नहीं होता था। बिना विजय प्राप्त किए वापस नहीं होता था और उसने केवल सात सौ दिरहम अपना तरका छोड़ा है जिस से उस का इरादा था कि एक ग़ुलाम ख़रीदे और वह उस रात को फ़ौत हुआ है जिस रात ईसा बिन मर्यम की रूह आसमान की ओर उठाई गई थी अर्थात रमज़ान की सत्ताईसवीं तारीख़ को।

(उद्धरित दाअवतुल अमीर, अनवारुल ऊलूम भाग 7 पृष्ठ 348)

हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु को उनके दोनों बेटों और हज़रत अबदुल्लाह बिन जाफ़र ने ग़ुसल दिया और आप रज़ियल्लाहु अन्हु के बेटे हज़रत हसन रज़ियल्लाहु अन्हु ने नमाज़ जनाज़ा पढ़ाई और नमाज़ जनाज़ा में चार तकबीरात कहीं। आपको तीन कपड़ों का कफ़न दिया गया जिसमें क़मीज़ नहीं थी। आपकी तदफ़ीन सहरी (सुबह) के समय हुई। कहा जाता है कि हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु के पास कुछ मुतबर्रिक मुश्क थी जो रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के पवित्र शरीर को लगाए गए मुश्क से बची थी और हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की वसीयत थी कि वह मुश्क आपकी लाश को लगाया जाए।

आप रज़ियल्लाहु अन्हु की उम्र में मतभेद पाया जाता है। कुछ ने कहा आप की उम्र 57 वर्ष थी, कुछ के निकट 58 वर्ष थी, कुछ के निकट 65 वर्ष थी, कुछ के निकट 63 वर्ष थी। जबकि अधिकतर के निकट 63 वर्ष वाली रिवायत अधिक सही थी।

(उसोदुल ग़ाबा फी मअरेफतुल सहाबा लेइब्ने असीर, भाग 4 पृष्ठ 115 वर्णन

अली बिन अबी तालिब, दारुल क़ुतुब अल्इल्मिया बेरूत 2003 ई)

हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु का मज़ार कहाँ स्थित है? इस बारे में भी प्रश्न उठता है। इस के बारे में इतिहास की पुस्तकों में विभिन्न रिवायतें मिलती हैं जो इस प्रकार हैं। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु को रात के समय कूफ़ा में दफ़न किया गया और उनकी तद्फ़ीन को छुपा कर रखा गया। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु को कूफ़ा की जामा मस्जिद में दफ़न किया गया। हज़रत इमाम हसन और इमाम हुसैन रज़ी अल्लाह अन्हुमा ने हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की लाश को मदीना स्थानांतरित किया और हज़रत फ़ातेमह की क़ब्र के पास बक़ीअ में दफ़न किया। एक रिवायत यह है कि जब उन दोनों ने हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की लाश को एक संदूक़ में डाल कर ऊंट पर रखा तो ऊंट गुम हो गया। उस ऊंट को तैय क़बीला ने पकड़ा। वह इस संदूक़ को माल समझ रहे थे। जब उन्होंने देखा कि संदूक़ में लाश है तो वह इस को पहचान नहीं सके और उन्होंने इस लाश को संदूक़ सहित दफ़न कर दिया और कोई नहीं जानता कि हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की क़ब्र कहाँ है। फिर एक रिवायत है कि हज़रत हसन ने हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु को कूफ़ा में जादाह बिन हुबैर की ऑल के किसी हुजरे में दफ़न किया था। कहा जाता है कि जादाह हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु का भांजा था

इमाम जाफ़र सादिक़ कहते हैं कि हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु का रात के वक़्त जनाज़ा पढ़ा गया और कूफ़ा में उनकी तदफ़ीन हुई और उनकी क़ब्र के स्थान को गुप्त रखा गया जबकि वह क़सीर इमारत के पास था। एक दूसरी रिवायत यह है कि हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की वफ़ात के बाद हज़रत इमाम हसन रज़ियल्लाहु अन्हु ने हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु का जनाज़ा पढ़ाया और कूफ़ा के बाहर हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की तदफ़ीन की गई और उनकी क़ब्र को इस ख़ौफ़ से छुपा रखा गया कि ख़वारिज इत्यादि उनकी और क़ब्र का अपमान न करें। कुछ शीया कहते हैं कि हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु का मज़ार नजफ़ में है, इस स्थान पर जिसको आजकल मशहदुन्नजफ़ कहते हैं। एक रिवायत के अनुसार कूफ़ा में हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु को शहीद किया गया जबकि आपकी क़ब्र के बारे में मालूम नहीं कि वह कहाँ है। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की वफ़ात के बाद हज़रत इमाम हसन रज़ियल्लाहु अन्हु ने हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु का जनाज़ा पढ़ाया और कूफ़ा के दारुल इमारह में अली रज़ियल्लाहु अन्हु की तदफ़ीन की गई इस भय से कि ख़वारिज उनकी लाश का अपमान न करें।

अल्लामा इब्ने असीर लिखते हैं कि यह रिवायत मशहूर है और जिसने यह कहा कि उन्हें जानवर पर रखा गया और वह उसे ले गया और कोई न जान सका कि वह जानवर कहाँ चला गया तो यह सही नहीं है और उसने इस बारे में तकल्लुफ़ से काम लिया है जिसका उस को कोई ज्ञात नहीं और न ही अक़्ल और न ही शरीयत उस का कारण प्रस्तुत करती है और जो अधिकतर जाहिल रवाफ़िज़ यह आस्था रखते हैं कि हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु का मज़ार मशहदुन्नजफ़ में है तो इस बात की कोई दलील नहीं है और न ही इस में कोई हक़ीक़त है बल्कि कहा जाता है कि वहां तो हज़रत मूगेराह बिन शोबाह की क़ब्र है।

(अल् बदायाह वन्नाहाया,भाग 4 हिस्सा 7 पृष्ठ 316-317 सफा मकतला रज़ी अल्लाह अन्हु, दारुल क़ुतुब अल्इल्मिया बेरूत 2001 ई)(तारीख़ तिबरी,भाग 3 पृष्ठ 477 मतबूआ दारुल क़ुतुब अल्इल्मिया बेरूत 1987 ई)

इमाम इब्ने तय्यमा कहते हैं कि नजफ़ में महद के नाम से जो स्थान है अहले इल्म इस पर सहमत हैं कि वह हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की क़ब्र का स्थान नहीं बल्कि वह हज़रत मुग़ीरह बिन शोबह की क़ब्र है। अहले बैअत, शीया और अन्य मुस्लमानों ने कूफ़ा में उनकी हुकूमत और तीन सौ वर्ष से ज़्यादा बीत जाने के बावजूद कभी इस बात का वर्णन नहीं किया कि यह हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की क़ब्र है। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की शहादत के तीन सौ वर्ष बाद इस जगह को मशहद अली का नाम दिया गया है इसलिए यह रिवायत बिल्कुल ग़लत है कि यह हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की क़ब्र है।

(उद्धरित विश्वकोश, जीवनी सहाबा किराम, भाग1 पृष्ठ 436 सय्यदना अली बिन अबी तालिब, दारुस्सलाम रियाज़ 1438 हि)

तथा अल्लामा इब्ने जौज़ी ने अपनी तारीख़ की किताब में हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु के मज़ार के संबंध में विभिन्न रिवायतें जिन्हें ऊपर वर्णन कर दिया गया है को वर्णन करने के बाद लिखा है कि-وَاللّٰهُ اَعْلَمُ اَیُّ الْاَقْوَالِ اَصَحُّ-अल्लाह बेहतर जानता है कि कौन सा कथन अधिक सही और ठीक है।(अल्मुन्ताज़िम, भाग 5 पृष्ठ 178 सन् 40 फ़सल, दारुल क़ुतुब अल्इल्मिया बेरूत 2012 ई)

हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की जो शादियां और औलाद हैं उनका वर्णन इस तरह मिलता है कि हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने विभिन्न वक़्तों में आठ शादियां कीं जिनके नाम यह हैं। फ़ातिमा बिंते (पुत्री) रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम, खोला बिंते जाफ़र बिन केस, लैला बिंते मसऊद बिन ख़ालिद, उम्मे बनीन बिंते हिज़ाम बिन ख़ालिद, असमा बिंत उमेस, साहबा उम्मे अबीब बिंत रबीअह, उमामह बिंते अब्बू आस बिन रबीया। यह आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की साहबज़ादी हज़रत ज़ैनब की बेटी और नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की नवासी थीं। उम्मे सईद पुत्री उर्व: बिन मसऊद सक़फ़ी। उनसे अल्लाह तआला ने उनको कसीर औलाद प्रदान की जिनकी संख्या तीस से अधिक बनती है। चौदह लड़के और अनीस लड़कीयां। आपकी नसल हज़रत हसन, हज़रत हुसैन, मुहम्मद बिन हनफ़ीयह, अब्बास बिन किलाबीयाह और अम्र बिन तग्लाबीयाह से चली।

(अत्तबकातुल कुबरा,भाग 3 पृष्ठ 14 दारुल क़ुतुब अल्इल्मिया बेरूत 1990ई) (सय्यदना अली बिन अबी तालिब डाक्टर अली मुहम्मद सलाबी अनुवादक, पृष्ठ 82-83 फ़ुरकान ट्रस्ट ख़ान गढ़ ज़िला मुज़फ़्फ़र गढ़ पाकिस्तान)

हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की विशेषताएँ के बारे में लिखा जाता है कि हज़रत इब्ने अब्बास वर्णन करते हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया। أَنَا مَدِيْنَةُ الْعِلْمِ وَعَلِيٌّ بَابُهَا، فَمَنْ أَرَادَ الْمَدِينَةَ، فَلْيَأْتِ الْبَابَ कि मैं ज्ञान का शहर हूँ और अली उस का दरवाज़ा है जो इस शहर का इरादा करे उस को चाहिए कि वह उस के दरवाज़े पर आए।

(अल्मुस्तद्रक अस्सहीहैन,भाग 3 पृष्ठ 339 किताब मारेफ़ सहाब वर्णन इस्लाम अमीरुल मौमेनीन हदीस 4695 दारुल फ़िक्र 2002 ई) हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ी अल्लाहु तआला अन्हु इस बात को वर्णन फ़रमाते हैं कि हज़रत अली रज़ी अल्लाह तआला अन्हु ने एक बार फ़रमाया कि सहाबा में से ज़्यादा बहादुर और दिलेर हज़रत अबूबकर रज़ी अल्लाह तआला अन्हु थे और फिर उन्होंने कहा कि जंगे बदर में जब रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के लिए एक अलग चबूतरा बनाया गया तो उस वक़्त प्रशन पैदा हुआ कि आज रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की हिफ़ाज़त का काम किस के सपुर्द किया जाए? इस पर हज़रत अबूबकर रज़ी अल्लाह तआला अन्हु तुरन्त नंगी तलवार लेकर खड़े हो गए और उन्होंने इस इंतिहाई ख़तरे के अवसर पर निहायत दिलेरी से आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम की हिफ़ाज़त का फ़र्ज़ अदा किया। इसी तरह हदीसों में आता है कि रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने एक बार फ़रमाया أَنَا مَدِيْنَةُ الْعِلْمِ وَعَلِيٌّ بَابُهَا، अर्थात कि मैं ज्ञान का शहर हूँ और अली उस का दरवाज़ा है। अत: हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु को भी रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने उल्मा में से क़रार दिया है परन्तु ख़ैबर की जंग में सबसे नाज़ुक वक़्त में इस्लाम का झंडा रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने आप रज़ियल्लाहु अन्हु ही के हाथ में दिया था जिससे मालूम होता है कि रसूल करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के वक़्त उल्मा बुज़दिल नहीं थे बल्कि सबसे ज़्यादा बहादुर थे।

(उद्धरित तफ़सीरे कबीर, भाग 7 पृष्ठ 364-365)

यह वर्णन आप उल्मा की बहादुरी का फ़र्मा रहे हैं। इस विषय में यह घटना वर्णन फ़रमाई।

हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु वर्णन करते हैं कि एक वक़्त था कि मैं अपने पेट पर भूख की कारण से पत्थर बाँधता था और आज मेरा सदक़ा अर्थात ज़कात चार हज़ार दीनार तक पहुंच चुका है। एक रिवायत में चालीस हज़ार दीनार का वर्णन है। अब्बू बहर अपने एक उस्ताद से रिवायत करते हैं कि उन्होंने कहा कि मैंने हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु को मोटी तह बन्द पहने देखा। आपने फ़रमाया मैं ने यह पाँच दिरहम में ख़रीदी है जो मुझे इस पर एक दिरहम का लाभ देगा मैं उसे यह बेच दूँगा। रावी कहते हैं कि मैंने हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु के पास कुछ दिरहम की थैली देखी तो आपने कहा यह यम्बू की जायदाद में से हमारा बचने वाला नुफ़्क़ा है। यम्बू

इर्शाद हज़रत अमीरुल मोमिनीन

"अपनी इबादतों को भी विशेष करें और दुनिया को भी इस्लाम की वास्तविक शिक्षा से अवगत कराएं।"

(ख़ुत्बा जुम्अः 17 मई 2019)

तालिबे दुआ

KHALEEL AHMAD

S/O LATE HAJI BASHEER AHMAD SB AND FAMILY,
JAMAAT AHMADIYYA BIJUPURA, SAHARANPUR (U.P)

एक बस्ती है जो मदीना से सात मंज़िल दूर थी, समुन्द्र के किनारे की ओर स्थित है। आपकी अँगूठी पर, हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की अँगूठी पर अलल्लाहु मालिक लिखा था कि अल्लाह ही बादशाह है। (उसोदुल ग़ाबा फी मअरेफतुल सहाबा लेइब्ने असीर,भाग 4 पृष्ठ 97 वर्णन अली बिन अबी तालिब, दारुल क़ुतुब अल्इल्मिया लुबनान 2003 ई)(अल्तब्कातुल कुबरा ले इब्ने सअद, भाग 3 पृष्ठ 22 वर्णन अली इब्ने अबी तालिब, दारुल क़ुतुब अल्इल्मिया बेरूत 1990 ई)(लुग़ातुल हदीस, भाग 4 पृष्ठ 613 नुमानी कुतुब ख़ाना लाहौर 2005 ई)

जुमेअ बिन उमेंर वर्णन करते हैं कि मैं हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा के पास अपनी फूफी के साथ आया तो उन्होंने सवाल किया कि लोगों में से सबसे ज़्यादा रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को कौन प्रिय था? हज़रत आयशा रज़ियल्लाहु अन्हा ने फ़रमाया फ़ातमाह रज़ियल्लाहु अन्हा। फिर सवाल किया गया कि मर्दों में से? तो आपने फ़रमाया उनके पति हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु।

(सुंन अलतिरमेज़ी, किताबुल मनाकिब,بَابُ مَا جَاءَ فِی فَضْلِ فَاطِمَۃَ رَضِیَ اللہُ عَنْهَا हदीस 3874)

हज़रत सअलबा बिन अबू मालिक रज़ियल्लाहु अन्हु वर्णन करते हैं कि हज़रत साअद बिन ऊबादाह रज़ियल्लाहु अन्हु हर मैदाने जंग में रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ओर से झंडा लहराने वाले होते थे परन्तु जब लड़ाई का वक़्त आता था तो हज़रत अली बिन अबूतालिब रज़ियल्लाहु अन्हु झंडा थाम लेते थे।

(उसोदुल ग़ाबा फी मअरेफतुल सहाबा लेइब्ने असीर, भाग 4 पृष्ठ 93 वर्णन अली बिन अबी तालिब, दारुल फ़िक्र प्रकाशक बेरूत 2003 ई)

क़बीला सक़ीफ़ के एक व्यक्ति ने वर्णन किया कि हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने मुझे सबूर इलाक़े का आमिल निर्धारित किया। सबूर फ़ारस में एक इलाक़ा है जो शीराज़ से कोई तक़रीबन 75 मील की दूरी पर है और फ़रमाया किसी व्यक्ति को भी एक दिरहम टैक्स के कारण से कोड़ा नहीं मारना और लोगों के रिज़्क़ के पीछे नहीं पड़ना और न सर्दीयों या गरमीयों में उनके कपड़ों के पीछे पड़ना। इस तरह टैक्स नहीं लेना कि कपड़े उतर जाएं और न उनसे किसी ऐसे जानवर की मांग करना जिसे वे काम में प्रयोग करते हों। किसी को एक दिरहम की मांग में खड़े नहीं रखना। अर्थात जो भी टैक्स वसूल करना है जज़िया वसूल करना है इस के लिए किसी को किसी किस्म की तकलीफ़ नहीं देनी, बोझ नहीं डालना। मैंने कहा हे अमीरुल मोमिनीन फिर तो मैं आपकी ओर ऐसे ही लौटूंगा जैसे मैं आपके पास से जा रहा हूँ। कुछ नहीं मिलेगा। हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया तुम्हारा भला हो। हाँ चाहे तुम ख़ाली हाथ ही लौटो हमें तो यह हुक्म दिया गया है कि लोगों के उस माल में से लो जो उन की ज़रूरत से ज़ाइद हो। (उसोदुल ग़ाबा फी मअरेफतुल सहाबा ले इब्ने असीर, भाग 4 पृष्ठ 98 वर्णन अली बिन अबी तालिब, दारुल फ़िक्र प्रकाशक बेरूत 2003ई)(मोअजेमुल बुल्दान, भाग 3 पृष्ठ 188)

हज़रत इब्ने अब्बास रज़ियल्लाहु अन्हु वर्णन करते हैं कि रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु से फ़रमाया तुम मेरे भाई और मेरे साथी हो। (कन्जुल अम्मल, भाग 13 पृष्ठ 109 हदीस 36356 फ़ज़ायल अली, मोअस्सा अर्रिसाला 1981 ई)

अली बिन रबीअ से रिवायत है कि मैं हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु के पास हाज़िर था जब उन के लिए एक जानवर लाया गया ताकि उस पर सवार हों। जब आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने रिकाब में पांव रखा तो तीन बार बिस्मिल्लाह कहा। जब उसकी पीठ पर सीधा बैठ गए तो अलहमदु लिल्लाह कहा। फिर कहा سُبْحَانَ الَّذِی سَخَّرَ لَنَا هٰذَا وَمَا كُنَّا لَهٗ مُقْرِنِيْنَ وَاِنَّا اِلٰی رَبِّنَا لَمُنْقَلِبُوْن : (ज़ुख़रूफ़ : 14-15) अर्थात पाक है वह ज़ात जिसने उसे हमारे अधीन कर दिया जबकि हम इस की ताकत नहीं रखते थे और नि:संदेह हम अपने रब की ओर लौट कर जाने वाले हैं। फिर आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने तीन बार अलहमदु लिल्लाह और तीन बार अल्लाहु-अकबर कहा। फिर आपने यह दुआ पढ़ी कि

سُبْحَانَكَ اِنِّی قَدْ ظَلَمْتُ نَفْسِی فَاغْفِرْ لِی فَاِنَّهٗ لَا يَغْفِرُ الذُّنُوْبَ اِلَّا اَنْتَ۔ अर्थात तू पाक है नि:संदेह मैं ने ही अपनी जान पर अत्याचार किया। अत: मुझे बख़्श दे क्योंकि तेरे सिवा कोई गुनाहों को नहीं बख़्श सकता। फिर आप रज़ियल्लाहु अन्हु मुस्कुराए। रावी कहते हैं मैंने अर्ज़ किया कि हे अमीरुल मौमेनीन आप रज़ियल्लाहु अन्हु किस कारण से मुस्कुराए? आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया कि मैंने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को इसी तरह करते हुए देखा था जिस तरह मैंने किया है। फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मुसकुराए थे और हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु कहते हैं कि फिर मैंने कहा : हे रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम आप किस कारण से मुस्कुराए हैं? तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया : नि:संदेह तेरा रब अपने बंदे से बहुत ख़ुश होता है जब वह कहता है कि हे रब! मेरे गुनाह बख़्श दे। नि:संदेह तेरे सिवा कोई गुनाहों को नहीं बख़्श सकता। इस बात पर आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम मुस्कुराए थे।

(जामे तिर्मेज़ी, अबवाबुल दाअवात,بَاب مَا يَقُوْلُ اِذَا رَكِبَ دَابَّۃ ,हदीस 3446)

यहया बिन यामुर से मर्वी है कि एक-बार हज़रत अली बिन अबू तालिब रज़ियल्लाहु अन्हु ने ख़िताब किया। अल्लाह तआला की प्रशंसा एवं गुणगान वर्णन करने के बाद आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया हे लोगो तुमसे पहले लोग सिर्फ गुनाहों के करने के कारण से हलाक हुए। उनके नेक लोग और उल्मा उन्हें इस बात से मना नहीं करते थे। फिर जब वे गुनाहों में हद से बढ़ गए तो उन्हें भिन्न भिन्न प्रकार की सज़ाओं ने पकड़ लिया। अत: तुम लोग भलाई का हुक्म दो और बुराई से रोको इससे पूर्व कि तुम पर भी उन जैसा अज़ाब आ जाए। याद रखो नेकी का हुक्म देना और बुराई से रोकना न तो तुम्हारी रोज़ी घटाएगा और न तुम्हारी मौत को क़रीब करेगा

(तफ़सीरुल-क़ुरआनिल-अज़ीम लेबनान कसीर,भाग 3 पृष्ठ 132 प्रकाशित दारुल क़ुतुब अल्इल्मिया लुबनान 1998 ई)

हज़रत जाबिर रज़ी अल्लाह तआला अन्हु रिवायत करते हैं कि एक-बार हम रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ एक अंसारी औरत के घर में थे जिस ने आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम के लिए खाना तैयार किया हुआ था, दा'वत की हुई थी। नबी अकरम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया अभी तुम्हारे पास एक जन्नती आदमी आएगा। इस के बाद हज़रत अबूबकर सिद्दीक़ रज़ी अल्लाह तआला अन्हु दाख़िल हुए तो हमने उन्हें मुबारकबाद दी। फिर आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने दुबारा फ़रमाया अभी तुम्हारे पास, एक जन्नती आदमी आएगा। इस पर हज़रत उमर रज़ियल्लाहु अन्हु दाख़िल हुए तो हमने उन्हें मुबारकबाद दी। फिर तीसरी दफ़ा आप सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया कि अभी तुम्हारे पास एक जन्नती आदमी आएगा। रावी कहते हैं कि मैंने देखा कि उस वक़्त नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम अपना सिर खजूर के एक छोटे से पौधे के नीचे छुपाए हुए थे और कह रहे थे कि अल्लाह ! यदि तू चाहे तो यह आने वाला अली रज़ियल्लाहु अन्हु हो। फिर हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु दाख़िल हुए तो हमने उन्हें मुबारकबाद दी

(मस्नद अहमद बिन हम्बल, भाग 5 पृष्ठ 107 मस्नद जाबिर बिन अब्दुल्लाह, हदीस 14604 आलेमुल क़ुतुब बेरूत 1998 ई)

हज़रत अनस से रिवायत है कि रसूल अल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया जन्नत तीन आदमीयों की प्रेमी है और वे हैं अली रज़ियल्लाहु अन्हु, अम्मार रज़ियल्लाहु अन्हु और सलमान रज़ियल्लाहु अन्हु। (अलमुसतदरिक अस्सहीहैन,भाग 3 पृष्ठ 348 किताब मारफ़ अलसहाब ज़िक्र इस्लाम अमीरुल मौमेनीन अली, हदीस नम्बर 4724 प्रकाशित दारुल फ़िक्र 2002 ई)

अबू उस्मान नहदी से रिवायत है कि हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया कि एक बार रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम मेरा हाथ थामे हुए थे और हम मदीना की एक गली से गुज़र कर एक बाग़ के पास पहुंचे। मैंने निवेदन किया हे रसूल सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम यह बाग़ कितना सुन्दर है। आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया तेरे लिए जन्नत में इस से भी ज़्यादा ख़ूबसूरत बाग़ है।

(अलमुसतदरक अस्सहीहैन, भाग 3 पृष्ठ 349-350 किताब मारफ़ अलसहाब वर्णन इस्लाम अमीरुल मौमेनीन अली, हदीस नंबर 4730 प्रकाशित दारुल फ़िक्र 2002 ई)

हज़रत अम्मार बिन यासिर रज़ियल्लाहु अन्हु वर्णन करते हैं कि मैंने रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम को हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु से यह फ़रमाते हुए सुना कि हे अली अल्लाह तआला ने तुम्हें एक ऐसी ख़ूबी प्रदान की है कि इस से

इर्शाद हज़रत अमीरुल मोमिनीन

"अगर तुम चाहते हो कि तुम्हें दोनों दुनिया की फत्ह हासिल हो और लोगों के दिलों पर फत्ह पाओ तो पवित्रता धारण करो, और अपनी बात सुनो, और दूसरों को अपने उच्च आचरण के उदाहरण प्रस्तुत करो यहां तक कि सफल हो जाओगे।"

तालिबे दुआ

धानू शेरपा

सैक्रेट्री जमाअत अहमदिया देवदमतांग (सिक्कम)

बेहतर ख़ूबी उसने अपने बंदों को अता नहीं की और वह है दुनिया से अप्रियता। तुम्हें अल्लाह तआला ने ऐसा बनाया है कि न तुम दुनिया में से कुछ लेते हो न दुनिया तुम में से कुछ लेती है अर्थात तुम्हें दुनिया की, दुनिया की चीज़ों की कोई इच्छा नहीं है और न ही दुनिया की इच्छा रखने वाले लोग तुम से कोई सम्पर्क रखना चाहते हैं। तथा तुझे अल्लाह तआला ने गरीबों की मुहब्बत प्रदान की है वे तुमको अपना इमाम बना कर ख़ुश हैं और तुम उनको अपना अनुयायी बना कर ख़ुश हो। अत: ख़ुशख़बरी हो उस व्यक्ति को जो तुम से मुहब्बत करे और तुम्हारे बारे में सच्च बोले और हलाकत है उस व्यक्ति के लिए जो तुम से द्वेष रखे और तुम्हारे ख़िलाफ़ झूठ बोले। वे लोग जो तुम से मुहब्बत रखते हैं और तुम्हारे बारे में सच बोलते हैं वे जन्नत मैं तुम्हारे घर के पड़ोसी और तुम्हारे महल मैं तुम्हारे साथी होंगे और जो लोग तुमसे द्वेष रखते हैं और तुम पर झूठ बाँधते हैं अल्लाह तआला ने यह बात अपने ज़िम्मा ले रखी है कि क़ियामत के दिन वह उन्हें सख़्त झूठों के खड़े होने की जगह पर खड़ा करेगा।

(उसोदुल ग़ाबा फी मअरेफतुल सहाबा ले इब्ने असीर, भाग 4 पृष्ठ 96-97 वर्णन अली बिन अबी तालिब, दारुल क़ुतुब अल्इल्मिया बेरूत 2003)

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ी अल्लाहु तआला अन्हु फ़रमाते हैं कि आँहज़रत सल्लल्लाहो अलैहि व सल्लम ने फ़रमाया है कि जन्नत में जिस दर्जा में मैं हूँगा उस में अली रज़ियल्लाहु अन्हु और फ़ातमाह रज़ियल्लाहु अन्हा होंगे।'

(बरकाते ख़िलाफ़त, अनवारुल ऊलूम, भाग 2 पृष्ठ254)

हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु के अशरा मुबशरा में होने के बारे में वर्णन है कि हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु आशिरा मुबशरा अर्थात उन दस ख़ुशनसीब सहाबा में से हैं जिन्हें रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम की ज़बाने मुबारक से इसी दुनिया में जन्नत की ख़ुशख़बरी मिली। हज़रत सईद बिन ज़ेद रज़ियल्लाहु अन्हु वर्णन करते हैं कि मैं 9 लोगों के बारे में इस बात की गवाही देता हूँ कि वे जन्नती हैं और यदि मैं दसवें के बारे में भी यही कहूं अर्थात गवाही दूं तो गुनाह-गार नहीं हूँगा। कहा गया कि वह कैसे तो उन्होंने कहा कि हम रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम के साथ हिरा पहाड़ पर थे तो वह हिलने लगा। इस पर आप सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने फ़रमाया ठहर हे हिरा निसंदेह तुझ पर एक नबी या सिद्दीक़ या शहीद है। किसी ने पूछा वे दस जन्नती लोग कौन हैं। हज़रत सईद बिन ज़ेद रज़ियल्लाहु अन्हु ने कहा रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम स्वयं,अबु बकर रज़ियल्लाहु अन्हु, उमर रज़ियल्लाहु अन्हु, उस्मान रज़ियल्लाहु अन्हु, अली रज़ियल्लाहु अन्हु, तल्हा रज़ियल्लाहु अन्हु, ज़ुबैर रज़ियल्लाहु अन्हु, साअद रज़ियल्लाहु अन्हु और अब्दुर्रहमान बिन ओफ़ रज़ियल्लाहु अन्हु हैं और कहा गया कि दसवाँ कौन है? तो हज़रत सईद बिन ज़ेद रज़ियल्लाहु अन्हु ने कहा वह मैं हूँ

(सुन्न अल्तिर्मेज़ी, अब्वाबुल मुनाकिब,باب مناقب ابی الاعور واسمہ سعید بن زَی, हदीस 3757)

यह घटना जो वर्णन करने लगा हूँ यह पहले भी वर्णन हो चुकी है लेकिन नफ़स पर क़ाबू रखने और घमंड को दूर करने के विषय में हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस-सलाम ने वर्णन फ़रमाया है इसलिए मैं यहां दुबारा यह वर्णन कर रहा हूँ। हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस-सलाम फ़रमाते हैं: "कहते हैं हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु एक दुश्मन से लड़ते थे और केवल ख़ुदा के लिए लड़ते थे। आख़िर हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने उस को अपने नीचे गिरा लिया और उस के सीने पर चढ़ बैठे। उसने झट हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु के मुँह पर थूक दिया। आप रज़ियल्लाहु अन्हु तुरंत उस की छाती पर से उतर आए और उसे छोड़ दिया। इस लिए कि अब तक तो मैं केवल ख़ुदा तआला के लिए तेरे साथ लड़ता था लेकिन अब जबकि तू ने मेरे मुँह पर थूक दिया है तो मेरे अपने नफ़स का भी कुछ हिस्सा इस में शामिल हो जाता है। अत: मैं नहीं चाहता कि अपने नफ़स के लिए तुम्हें क़तल करूँ। इस से साफ़ मालूम होता है कि आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने अपने नफ़स के दुश्मन को दुश्मन नहीं समझा। ऐसी फ़ित्रत और आदत अपने अंदर पैदा करनी चाहिए।'' आप जमाअत को नसीहत फ़रमाते हैं।''यदि नफ़सानी लालच और इद्देश्य के लिए किसी को दुख देते और दुश्मनी के सिलसिले को बढ़ाते हैं तो इस से बढ़कर ख़ुदा तआला को नाराज़ करने वाली क्या बात होगी?'

(मलफ़ूज़ात, भाग 8 पृष्ठ 105)

फिर आप एक और अवसर पर विस्तार से वर्णन फ़रमाया और इस पर और अधिक प्रकाश डाला। फ़रमाते हैं कि "जोशे नफ़सानी और लिल्लाही जोश में अन्तर के लिए हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की एक घटना से शिक्षा प्राप्त करो। लिखा है कि हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु की एक काफ़िर पहलवान के साथ जंग शुरू हो गई। बार बार आप रज़ियल्लाहु अन्हु उस को क़ाबू करते थे वह क़ाबू से निकल जाता था। आख़िर उस को पकड़ कर अच्छी तरह से जब क़ाबू किया और उस की छाती पर सवार हो गए और क़रीब था कि ख़ंजर के साथ उस का काम समाप्त कर देते कि उसने नीचे से आप रज़ियल्लाहु अन्हु के मुँह पर थूक दिया। जब उस ने ऐसा किया तो हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु उस की छाती से उठ खड़े हुए और उस को छोड़ दिया और अलग हो गए। इस पर उसने आश्चर्य किया और हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु से पूछा कि आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने इते कष्ट के साथ पकड़ा और मैं आप रज़ियल्लाहु अन्हु का जान का दुश्मन हूँ और ख़ून का प्यासा हूँ। फिर बावजूद ऐसे क़ाबू पाने के आपने मुझे अब छोड़ दिया। यह क्या बात है? हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने उत्तर दिया कि बात यह है कि हमारी तुम्हारे साथ कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं। चूँकि तुम धर्म के विरोध के कारण मुसलमानों को दुख देते हो इस लिए तुम क़तल के योग्य हो और मैं केवल धार्मिक ज़रूरत के कारण तुमको पकड़ता था। लेकिन जब तुमने मेरे मुँह पर थूक दिया और इस पर मुझे ग़ुस्सा आया तो मैंने ख़्याल किया कि यह अब नफ़सानी बात मध्य में आ गई है। अब इस को कुछ कहना उचित नहीं ताकि हमारा कोई काम नफ़स के लिए न हो। जो हो सब अल्लाह तआला के वास्ते हो। जब मेरी इस हालत में बदलाव आएगा और यह ग़ुस्सा दूर हो जाएगा तो फिर वही सुलूक तुम्हारे साथ किया जाएगा। इस बात को सुनकर काफ़िर के दिल पर ऐसा प्रभाव हुआ कि समस्त कुफ़्र उसके दिल से ख़ारिज हो गया और उसने सोचा कि इस से बढ़कर और कौन सा दीन दुनिया में अच्छा हो सकता है जिसकी शिक्षा के अधीन इन्सान ऐसा पवित्र बन जाता है। अत: उसने उसी वक़्त तौबा की और मुस्लमान हो गया।"

(मल्फ़ूज़ात, भाग 9 पृष्ठ 219)

अत: यह है असल तक़्वा जो परिणाम भी दिखाता है।

हज़रत मुस्लेह मौऊद रज़ियल्लाहु अन्हु ने भी कम-ओ-बेश उस यहूदी की हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु से लड़ाई की घटना को इसी तरह वर्णन फ़रमाया है। फ़रमाते हैं कि "हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु एक लड़ाई में शामिल थे। एक बहुत बड़ा दुश्मन जिसका मुक़ाबला बहुत कम लोग कर सकते थे आप के मुक़ाबला पर आया और कई घंटे तक आप रज़ियल्लाहु अन्हु की और उस यहूदी पहलवान की लड़ाई होती रही। आख़िर कई घंटे की लड़ाई के बाद आप रज़ियल्लाहु अन्हु ने उस यहूदी को गिरा लिया और उस के सीने पर बैठ गए और इरादा किया कि ख़ंजर से उसकी गर्दन काट दें कि अचानक उस यहूदी ने आप रज़ियल्लाहु अन्हु के मुँह पर थूक दिया। आप तुरंत उसे छोड़कर सीधे खड़े हो गए और वह यहूदी सख़्त हैरान हुआ और कहने लगा यह अजीब बात है कि कई घंटे की क्षति के बाद आपने मुझे गिराया है और अब एकदम मुझे छोड़कर अलग हो गए हैं। यह आपने कैसी बेवक़ूफ़ी की है? हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया : मैंने बेवक़ूफ़ी नहीं की बल्कि जब मैंने तुम्हें गिराया और तुमने मेरे मुँह पर थूक दिया तो एकदम मेरे दिल में ग़ुस्सा पैदा हुआ कि उसने मेरे मुँह पर क्यों थूका है परन्तु साथ ही मुझे ख़्याल आया कि अब तक तो मैं जो कुछ कर रहा था ख़ुदा के लिए कर रहा था यदि इस के बाद मैं ने लड़ाई जारी रखी तो तेरा अन्त मेरे नफ़स के ग़ुस्सा के कारण से होगा। "अर्थात हज़रत अली रज़ियल्लाहु अन्हु ने फ़रमाया कि उस यहूदी को ख़त्म करना मेरे ज़ाती ग़ुस्सा के कारण से भी हो सकता है'' ख़ुदा के लिए नहीं होगा । इस लिए मैंने उचित समझा कि इस वक़्त मैं तुझे छोड़ दूं। जब ग़ुस्सा जाता रहेगा तो फिर ख़ुदा के लिए मैं तुझे गिरा लूँगा

(अहमदियत दुनिया में इस्लामी तालीम-ओ-तमद्दुन ,अन्वारुल उलूम,भाग 16 पृष्ठ 132)

बाक़ी इंशा-ए-अल्लाह आइन्दा वर्णन होगा।

इस वक़्त मैं एक और बात भी कहना चाहता हूँ। आज नए वर्ष का पहला दिन है और पहला जुमआ है। दुआ करें कि यह वर्ष जमाअत के लिए, दुनिया के लिए, इन्सानियत के लिए बाबरकत हो। हम भी अपना फ़र्ज़ अदा करते हुए पहले से बढ़कर ख़ुदा तआला की ओर झुकने वाले और अपनी इबादतों के मेयार बढ़ाने वाले हों और दुनिया वाले भी अपने जन्म के उद्देश्य को समझते हुए अल्लाह तआला का हक़ अदा करने वाले बन जाएं और एक दूसरे के हुक़ूक़ को मारने के बजाय अल्लाह तआला के हुक्मों पर चलते हुए एक दूसरे के हक़ अदा करने वाले बन जाएं अन्यथा फिर अल्लाह तआला अपने रंग में दुनिया वालों को उनके कर्तव्यों की ओर ध्यान दिलाता है। काश कि हम और दुनिया के समस्त लोग इस अहम नुक्ते को समझ जाएं और अपनी दुनिया और परलोक सँवार सकें।

पिछले एक वर्ष से हम एक निहायत ख़तरनाक महामारी का सामना कर रहे हैं और दुनिया का कोई देश भी इस महामारी से बाहर नहीं है ,कहीं कम और कहीं ज्यादा, लेकिन लगता है कि अधिकतर दुनिया का इस बात की ओर ध्यान नहीं देना चाहिए कि कहीं यह महामारी अल्लाह तआला की ओर से हमें अपने हुक़ूक़ और कर्तव्यों की

ओर ध्यान दिलाने के लिए न हो। यह नहीं सोचना चाहते। यह तो नहीं कि अल्लाह तआला हमें हिलाना चाहता है, बताना चाहता,ध्यान दिलाना चाहता है। इस ओर किसी की सोच नहीं है।

कुछ माह पहले मैंने बहुत से हुकूमत के लीडरों को इस ओर ध्यान दिलाने के लिए पत्र लिखे थे और कोविड के हवाले से समझाने की कोशिश की थी और हज़रत मसीह मौऊद अलैहिस्सलातो वस्सलाम के हवाले से इस ओर ध्यान दिलाया थी कि यह आफ़तें ख़ुदा तआला की ओर से अपने हुक़ूक़ और कर्तव्यों को भूलने और अदा न करने बल्कि अत्याचार में बढ़ने की कारण से आते हैं इसलिए ध्यान करें। कुछ लीडरों ने उत्तर भी दिए लेकिन उनके दुनियादारी वाले उत्तर थे कि हम भी यही हैं (दुनिया की नज़र से उबाली बातें कीं, धर्म वाली बात नहीं की। ख़ुदा का बहुत बड़ा ख़ाना जो बीच में था और मैंने वर्णन किया था उस का वर्णन ही नहीं किया) और ज़रूर ऐसा होना चाहिए लेकिन न अपनी हालतों को बदलने की ओर अमली क़दम उठाना चाहते हैं ये लोग, न क़ौम के हमदर्द बन कर क़ौम को असल उद्देश्य की ओर ध्यान दिलाना चाहते हैं। यह जानने के बावजूद कि इस महामारी के बाद के प्रभाव बहुत ख़तरनाक होंगे, यह दुनिया के हर लीडर को पता है, हर अक़्लमंद इन्सान को पता है, हर विश्लेषण कर्ता को यह पता है लेकिन इसके बावजूद असल हल की ओर ध्यान नहीं है सिर्फ दुनिया की जो कोशिशें हैं उसी की ओर ध्यान है।

इस बीमारी से न सिर्फ व्यक्तिगत तौर पर हर व्यक्ति की आर्थिक दृष्टि से कमज़ोर हो रहा है, सेहत के लिहाज़ से जो हो रहे हैं वह तो हो रहे हैं जो प्रभावित हैं। लेकिन उमूमी तौर पर हर एक आर्थिक दृष्टि से भी प्रभावित हो रहा है बल्कि बड़ी बड़ी अमीर हुकूमतों की अर्थव्यवस्था की भी कमरें टूट रही हैं। दुनिया दारों के पास उस का केवल एक हल है कि फिर जब ऐसी सूरते हाल हो जाएगी, जब अर्थव्यवस्था हो जाएगी तो दूसरे छोटे देशों की अर्थव्यवस्था पर क़ब्ज़ा किया जाए, उनको किसी तरह अपने जाल में फंसाया जाए, अपने चंगुल में लाया जाए और फिर बहाने बहाने से उनकी दौलतों पर क़ब्ज़ा किया जाए। इस के लिए ब्लॉक बनेंगे और बन रहे हैं। सर्द जंग दुबारा शुरू हो जाएगी और अब कहा जाने लगा है कि शुरू हो गई है एक तरह से और कोई दूर नहीं कि असल हथियारों की जंग भी हो जाए जो निहायत भयानक जंग होगी। फिर ये लोग एक और गहरे कुँवें में गिर जाऐंगे। ग़रीब मुल्क तो पहले ही पिसे हुए हैं अमीर देशों की जनता भी पिसेंगी और बड़ी ख़ौफ़नाक हद तक पिसेंगे।

अत: इस से पहले कि दुनिया इस हालत को पहुंचे हमें अपना फ़र्ज़ अदा करते हुए दुनिया को होशियार करना चाहिए। अत: यह वर्ष मुबारकबादों का वर्ष उस वक़्त बनेगा जब हम अपने कर्तव्यों को इस ढ़ंग पर अदा करने वाले होंगे कि लोगों को समझाएँ, दुनिया को समझाएँ और ज़ाहिर है कि ये सब करने के लिए हमें अपनी हालतों के भी जायज़े लेने होंगे। हम जो ज़माना के इमाम मसीह मौऊद और मह्दी माहूद को मानने वाले हैं क्या हमारी अपनी हालतें ऐसी हो चुकी हैं कि हम अल्लाह तआला के हुक़ूक़ अदा करने के साथ विशेषता उसके बंदों के हुक़ूक़ भी अदा करने वाले हैं या अभी हमें अपनी इस्लाह करने और एक दूसरे से प्यार तथा मुहब्बत की भावनाओं को ग़ैरमामूली स्तरों तक लाने की ज़रूरत है। अत: हर अहमदी को ग़ौर करना चाहिए कि उसके सपुर्द एक बहुत बड़ा काम किया गया है और उसको पूरा करने के लिए पहले अपने अन्दर प्यार और मुहब्बत और भाई चारे की फ़िज़ा को पैदा करें, अपने समाज में, अहमदी समाज में और फिर दुनिया को इस झंडे के नीचे लाएं जो हज़रत मुहम्मद रसूलुल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम ने बुलंद किया था और जो अल्लाह तआला के एकेश्वरवाद का झंडा है। तभी हम अपनी बैअत के उद्देश्य में सफ़ल हो सकते हैं, तभी हम बैअत का हक़ अदा करने वाले बन सकते हैं, तभी हम अल्लाह तआला के फ़ज़्लों के वारिस हो सकते हैं और तभी हम नए वर्ष की मुबारकबाद देने के और लेने के मुस्तहिक़ क़रार दिए जा सकते हैं। अल्लाह तआला हमें इस की तौफ़ीक़ अता फ़रमाए और हर अहमदी मर्द, औरत, जवान, बच्चा, बूढ़ा इस बात को समझते हुए यह वादा करे कि इस वर्ष मैंने दुनिया में एक इन्क़िलाब पैदा करने के लिए अपनी समस्त प्रतिभाओं को प्रयोग करना है। अल्लाह तआला हर एक अहमदी को इसकी तौफ़ीक़ अता फ़रमाए।

